दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली | शुक्रवार 27 फरवरी -2026 ● वर्ष : 11 अंक : 67 पेज -08 ● RNI NO. DELHI/2015/65364 ● मूल्य : ₹3











# हाईकोर्ट के फैसले के बाद सांसद और विधायकों ने रखी अपनी राय, बोले- कोर्ट का सम्मान मगर कुछ ऐसा हो कि जनता को राहत मिल जाये

गाजियाबाद, करंट क्राइम। नगर निगम ने हाउस टैक्स में वृद्धि की। इस फैसले के विरोध में पहले निगम के पूर्व पार्षद आये और उन्होंने हाईकोर्ट में केस दायर कर दिया। इसके बाद निगम सदन के मौजूदा पार्षदों ने 30 जून वाली







बोर्ड बैठक में सर्वसम्मति से कर वृद्धि के प्रस्ताव को निरस्त कर दिया। मेयर सुनीता दयाल ने सदन में प्रस्ताव निरस्त होने की घोषणा की। फिर पूर्व पार्षद नगर निगम में तारीख पर जाते रहे और इधर निगम सदन के मौजूदा पार्षद मिनट्स बुक मांगते रहे। विधायक ने पत्र लिखा, सांसद ने पत्र लिखा और निगम पार्षदों का दल लखनऊ तक हो आया। कोर्ट में सुनवाई होती रही और कोर्ट ने फैसला दे दिया। कोर्ट ने पूर्व पार्षदों की रिट याचिका खारिज कर दी। अब याचिकाकर्ता पूर्व पार्षद कह रहे हैं कि वो इस फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जायेंगे और जनप्रतिनिधि चाहते हैं कि अभी भी बातचीत से समस्या का समाधान हो। लड़ाई अधिकारों कार्यक्षेत्र की हो गई है। कुछ शब्दों को लेकर अब कानूनी जंग होगी। अब 3 महीने यानी 90 दिन बेहद महत्वपूर्ण है। इस पूरे मामले को लेकर दैनिक करंट क्राइम ने सांसद, पूर्व सांसद, विधायक और याचिकाकर्ता पूर्व पार्षदों से बात की। उनकी राय को जाना और लगभग सभी ने ये बात कही कि जनप्रतिनिधियों को अब मिल बैठकर समाधान निकालना होगा। लेकिन बड़ी बात ये है कि जब पूरा सदन समाधान निकाल चुका था और प्रस्ताव को निरस्त कर चुका था तो फिर क्या सदन के इस फैसले से अदालत को नहीं कराया गया था। एक शपथ पत्र का भी जिक्र हो रहा है और इन सबके बीच सभी जनप्रतिनिधियों ने ये कहा कि वो हाईकोर्ट के फैसले का सम्मान करते है। लेकिन अपील करने का अधिकार सभी को है। सभी ने बस अपनी अपनी बात रखी।

## करेंगे फैसले का अध्ययन और जनप्रतिनिधियों के साथ बैठकर तलाशेंगे संभावनाएं : सांसद अतुल गर्ग



गाजियाबाद करंट क्राइम। हाउस टैक्स वृद्धि मामले पर हाईकोर्ट का फैसला आने के बाद सभी जनप्रतिनिधि भी यहां कोर्ट के फैसले का सम्मान भी कर रहे हैं और चाहते हैं कि जनता को रिआयत मिले। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने इस विषय पर बोलते हुए कहा कि जब सदन ने इस पर अपनी राय दी थी तो पदेन सदस्य के रूप में सब मौजूद थे। उन्होंने कहा कि हाईकोर्ट का जो फैसला है उसका अभी मैं अध्ययन करूंगा और देखेंगे कि इसमें क्या हो सकता है। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि सभी जनप्रतिनिधि एक साथ बैठकर इस बात की संभावना तलाशेंगे कि कानूनी लडाई के बाद आपसी सहमति से क्या राय बन सकती है जिससे जनता को राहत मिले। उन्होंने कहा कि कर निर्धारण को लेकर क्या कदम उठाये जा सकते हैं इस पर विचार करेंगे।

## टैक्स दर बढ़ाने से बेहतर टैक्स का दायरा बढ़ाया जाये: अनिल अग्रवाल

गाजियाबाद करंट क्राइम। पूर्व राज्यसभा सांसद डॉ अनिल अग्रवाल ने हाईकोर्ट का फैसला आने के बाद अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि हम कोर्ट के फैसले का सम्मान करते हैं लेकिन एक राजनीतिक और सामाजिक चिंतक के रूप में हमारी चिंता जनता कि हितों की तरफ ज्यादा है। हम जनता के साथ हैं। निर्णय पर पुनः विचार होना चाहिए। कोर्ट के फैसले पर कोई टिप्पणी नहीं है लेकिन हम सबको मिलकर जनता के लिए जनता के हित के लिए एकजुट होना होगा। सभी मिलबैठकर इस विषय पर पुर्नविचार करें। टैक्स दर बढ़ाने से अच्छा है कि टैक्स का दायरा बढ़ाया जाये। जिससे राजस्व भी आये और जनता पर भी करों का बोझ ना बढ़े।



## हमारे पास 90 दिन का समय, जायेंगे सुप्रीम कोर्ट: राजेन्द्र त्यागी

गाजियाबाद करंट क्राइम। हाउस टैक्स बढ़ाये जाने के बाद इस फैसले को जनहित याचिका के माध्यम से हाईकोर्ट में भाजपा के पूर्व सीनियर पार्षद राजेन्द्र त्यागी, पूर्व पार्षद हिमांशु मिततल और पूर्व सीनियर पार्षद अनिल स्वामी ने चुनौती दी थी। कोर्ट के फैसले के बाद दैनिक करंट क्राइम ने प्रमुख याचिकाकर्ता राजेन्द्र त्यागी से बात की। उन्होंने कहा कि हम इस पूरे मामले में लीगल ग्राउंड पर कोर्ट गये थे। उन्होंने कहा कि मुद्दा ये भी था कि अधिकारी का आदेश सर्वमान्य होगा या पार्षदों का सदन कुछ तय करेगा। उन्होंने कहा कि जिस तरह से फैसले में हमें राजनीतिक व्यक्ति बताया गया है तो यहां स्पष्ट कर दें कि हम 5.50 लाख लोगों की तरफ से इस जनहित याचिका को लेकर कोर्ट गये थे। राजेन्द्र त्यागी ने कहा कि हम इस मामले पर लीगल ओपिनियन ले रहे है। उन्होंने फैसले को लेकर कहा कि कोर्ट ने केवल इतना कहा है कि अधिकारी का प्रोसीजर ठीक है लेकिन हम बोर्ड के फैसले की बात कर रहे है। उन्होंने कहा कि हमारे पास 90 दिन का समय है और हम सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल करेंगे। यहां उन्होंने अधिकारी और जनप्रतिनिधि दोनों को निशाने पर लिया और कहा कि हमने अनुरोध किया था कि अगर आप जो बात सदन में कह रहे हैं उसे अगर आप शपथ पत्र के रूप में कोर्ट में दाखिल करें तो बड़ी राहत रहेगी। सर्वसम्मति से निरस्त वाली जो बात कही गई थी अगर वहीं बात शपथ पत्र के रूप में दाखिल हो जाती तो कुछ नहीं बचता और इन दरों को वापस लेना पड़ता। लेकिन आगे कुछ कहा गया, पीछे कुछ कहा गया। उन्होंने एक लैटर का भी हवाला दिया और कहा कि न्यूनतम किराये की बात के निर्देश है ना कि 300 प्रतिशत किराया बढ़ाने की बात है। याचिकाकर्ता पूर्व पार्षद राजेन्द्र त्यागी ने कहा कि कुछ चेहरे तब भी खामोश थे और अब भी खामोश हैं। हम अपनी व्यक्तिगत लड़ाई लड़ने को नहीं गये थे। हम जनता के लिए कोर्ट में गये थे। उन्होंने कहा कि जो लोग कह रहे हैं कि हम कोर्ट ना गये होते तो हाउस टैक्स नहीं बढ़ता। तो उन्हें मैं बता दूं कि 9 अप्रैल 2024 को जब बैठक हुई थी तो उसी में तय हो गया था कि टैक्स बढ़ेगा। हमने आवाज उठाई और इसके बाद 3 मई 2025 को नगर निगम के जोनल प्रभारियों की बैठक हुई और उन्हें निर्देश दिये गये कि नई दरों के टैक्स स्लैब से बिल बनाये जायें। कुछ लोग तब भी खामोश रहे और अब भी खामोश रहे। हम सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी फाईल करेंगे। यह कोई राजनीति लड़ाई नहीं है। यह जनता की लड़ाई है। हम जनता को जागरूक कर रहे है और बता रहे हैं कि अभी कोई टैक्स भुगतान नहीं करना है। राजेन्द्र त्यागी ने एक बार फिर दोहराया कि यह हमें समझना होगा कि कोर्ट ने प्रोसीजर को उचित बताया है। एप्रूवल पर फैसला नहीं दिया है। प्रोसीजर और एप्रूवल दो अगल अलग मामले है।



## जनप्रतिनिधियों के साथ निकालेंगे समाधान: संजीव शर्मा

गाजियाबाद करंट क्राइम। शहर विधायक संजीव शर्मा ने कहा कि हाईकोर्ट के फैसले को लेकर कोई भी बात नहीं है। हम कोर्ट के फैसले का सम्मान करते है। लेकिन यह मामला उस व्यवस्था से जुड़ा है जहां जनता के प्रतिनिधि बैठकर विकास का नक्शा तैयार करते है। जहां राजस्व और विकास दोनों पर ही निगम की बोर्ड बैठक में 100 पार्षद और मेयर मुहर लगाते है। ये ऐसा सदन है जिसके पदेन सदस्यों में सांसद विधायक एमएलसी भी आते है। पदेन सदस्य होने के नाते और शहर विधायक होने के नाते मैं जनता के साथ हूं। यह निगम सदन का मामला है और हम कर वृद्धि का डटकर विरोध करेंगे। हमारा प्रयास होगा कि सभी जनप्रतिनिधि एक साथ बैठें और इस मामले का समाधान करें। जनता पर करों का बोझ उचित नहीं है और मेरा प्रयास रहेगा कि यहां इगो टकराव ना होकर आम जनता के हितों की रक्षा पर काम हो।



## हाउस टैक्स को लेकर सपा नेता अभिषेक गर्ग का तीखा बयान

## कहा, जनता पर बोझ डालने की राजनीति बंद करे भाजपा

### समाजवादी पार्टी लड़ेगी लंबी लड़ाई

गाजियाबाद, करंट क्राइम। हाउस टैक्स के मुद्दे पर समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं शहर सीट से दावेदार अभिषेक गर्ग ने भाजपा जनप्रतिनिधियों पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि शहर की आम जनता पहले ही महंगाई की मार झेल रही है, ऐसे में अत्यधिक हाउस टैक्स थोपना सीधे-सीधे जनता की जेब पर डाका है। अभिषेक गर्ग ने कहा कि अदालत के निर्णय पर कोई टिप्पणी नहीं है, लेकिन जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारी बनती है कि वे जनता की पीड़ा को समझें और समाधान का रास्ता निकालें। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि चुनाव के समय जनता के दरवाजे पर हाथ जोड़कर खड़े होने वाले नेता आज टैक्स के सवाल पर खामोश क्यों हैं? उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा के जनप्रतिनिधि सिर्फ घोषणाओं और होर्डिंग्स तक सीमित हैं, जबकि जमीनी स्तर पर लोगों को राहत देने का कोई ठोस प्रयास नहीं दिख रहा। अगर टैक्स वाकई वाजिब है तो फिर शहर में मूलभूत सुविधाओं की हालत क्यों सुधर नहीं रही? उन्होंने सवाल उठाया। सपा नेता ने प्रशासनिक अधिकारियों से भी अपील की कि वे विवेकपूर्ण और मानवीय दृष्टिकोण अपनाएं। अधिकारीगण राजस्व बढ़ाने से पहले यह भी देखें कि आम परिवार की आय और खर्च का संतुलन क्या है। केवल आंकड़ों के आधार पर फैसला न हो, बल्कि सामाजिक संवेदनशीलता भी दिखे, उन्होंने कहा। अभिषेक गर्ग ने स्पष्ट किया कि समाजवादी पार्टी इस मुद्दे पर जनता के साथ खड़ी है और जरूरत पड़ी तो सड़क से सदन तक संघर्ष करेगी। यह लड़ाई किसी दल की नहीं, बल्कि शहर के हर परिवार की है। समाजवादी पार्टी लंबी लड़ाई लड़ने के लिए तैयार है।



# पार्षद एकता ग्रुप पर गूंजा हाउस टैक्स मुद्दे पर एकता का नारा

## पार्षद बोले, बोर्ड बैठक बाद में पहले जनता को राहत दिलाना काम हमारा



गाजियाबाद करंट क्राइम। कोर्ट का फैसला आ गया और फैसले के बाद भले ही सब खामोश हैं लेकिन जो सीन लग रहा है वो ये है कि अंदर ही अंदर कुछ तो सुलग रहा है और कहीं ना कहीं रोष है। पूर्व मेयर ने अपने फेसबुक एकाउंट पर गाजियाबाद की जनता से हाथ जोड़कर माफी मांगी तो व्हाट्सऐप पर पार्षद एकता ग्रुप पर पार्षद आ गये। पार्षदों ने यहां सीधे सीधे मोर्चा खोला। उन्होंने कहा कि हम सबको अब एकजुट होना पड़ेगा क्योंकि ये पब्लिक की लड़ाई है और इसीलिए पब्लिक ने हमें चुना था। यहां पर पार्षद मनोज त्यागी ने कहा कि हमें इस बात पर ध्यान देना है कि हम टैक्स के बारे में क्या कर सकते है। हम सबका एक ही लक्ष्य होना चाहिए कि हाउस टैक्स पर जनता के लिए क्या किया जा सकता है। वहीं पार्षद गौरव सौलंकी ने कहा कि हम सभी पार्षदों को इस विषय पर एकत्र होकर महापौर और नगर आयुक्त से मिलकर हल निकालना चाहिए। आगे की रणनीति तय करनी चाहिए। यहां पार्षद आपस में उलझते भी दिखे। जब पार्षद हरीश कड़ाकोटी ने किसी उपलब्धि के बारे में लिखा तो उस पर दूसरे पार्षद ने लिखा कि हरीश जी उद्घाटन में व्यस्त है, टैक्स से उनका क्या लेना-देना।

यहां पर पार्षदों ने बारी बारी अपनी राय रखी और पूर्व पार्षद मनोज गोयल ने कहा कि तूफान से पहले शोर नहीं होता और चुप रहने का मतलब कमजोर नहीं होता। एक पार्षद ने लिखा कि सुना है कुछ लोग पार्षदों पर व्यंग्य कर रहे है, हाउस टैक्स बढ़ाने पर बधाई दे रहे है और कुछ हमारे पार्षद ही हमको गलत बता रहे है जब हम जनता के लिए धरने पर बैठे थे। इस ग्रुप पर देर तक चर्चा चली और पूर्व पार्षद मनोज गोयल ने तो यहां तक लिखा कि ऐसा लगता है कि पार्षद इस मामले में ज्यादा गंभीर नहीं है। 40 से ज्यादा पार्षद हम लोगों की पोस्ट देख चुके है। क्या हिमांशु जी, प्रवीण जी, गौरव जी, मनोज त्यागी, शीतल चौधरी, पवन गौतम, पूनम सिंह के अलावा पार्षद अपनी राय नहीं दे रहे। ये गंभीर मुद्दा है फिर भी चुप बैठे है।

### शनिवार को निगम में पहुंचेंगे सभी पार्षद


करंट क्राइम। फैसले के बाद अब एकजुटता पर जोर ज्यादा दिखाई दे रहा है। जनप्रतिनिधियों ने अपनी बात रखी और पूर्व जनप्रतिनिधि ने फैसले को विफलता माना और हाथ जोड़कर जनता से माफी मांगी। पार्षद ग्रुप पर इस मामले को सुलझाने के लिए आ गये। पार्षद एकता का नारा गूंजा और अब शनिवार को पार्षद निगम पहुंचेंगे और रणनीति बनायेंगे। बताया जाता है कि शनिवार को सभी पार्षद नगर निगम सभागार में पहुंचेंगे। यहां पार्षद हाउस टैक्स पर विचार विमर्श करने के बाद आगे की रणनीति बनायेंगे। मैदान में उतरने की रणनीति बनेगी। ऐसे में 28 फरवरी को होने वाली बोर्ड बैठक भी अब नहीं होगी। शनिवार को पार्षद एकजुट होकर पहुंचेंगे और सूत्र बताते हैं कि आंदोलन की रणनीति भी फाईनल हो सकती है।

# कोर्ट के फैसले के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं में उबाल, जनप्रतिनिधियों पर उठे सवाल

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नगर निगम में हाउस टैक्स बढ़ोत्तरी के मामले में कोर्ट के ताजा फैसले के बाद गाजियाबाद की सियासत गर्म हो गई है। फैसले के बाद भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों में खुला असंतोष देखने को मिल रहा है। सोशल मीडिया पर पार्टी के ही कई वरिष्ठ कार्यकर्ता और पूर्व पार्षद अपनी ही जनप्रतिनिधियों को कटघरे में खड़ा कर रहे हैं। कार्यकर्ताओं का कहना है कि गाजियाबाद से सांसद, विधायक, मंत्री और मेयर जैसे तमाम पदों पर भाजपा का प्रतिनिधित्व होने के बावजूद आम जनता को राहत नहीं मिल सकी। उनका आरोप है कि यदि सभी जनप्रतिनिधि एकजुट होकर मजबूती से पैरवी करते तो कोर्ट का फैसला अलग हो सकता था।

### सोशल मीडिया पर खुली नाराजगी




करंट क्राइम : भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता व पूर्व पार्षद हिमांशु लव ने सोशल मीडिया पर लिखा कि देवतुल्य कार्यकर्ताओं का क्या होगा? जनमानस अब किसी की नहीं मानेगा। दिली तमन्ना तो पूरी हो गई, लेकिन पूर्व पार्षद को अपील में हराकर क्या मिला? वहीं रविंद्र राजपूत एडवोकेट, पूर्व महानगर उपाध्यक्ष व मंडल अध्यक्ष ने शहरवासियों से हाथ जोड़कर माफी मांगते हुए लिखा कि हम आपको 100%, 200% हाउस टैक्स बढ़ोत्तरी से राहत नहीं दिला सके। जबकि स्थानीय निकाय, विधानसभा और लोकसभा चुनाव में आपने हमें भरपूर समर्थन दिया। भगवान हाउस टैक्स बढ़ाने वाले अधिकारियों और नेताओं को सद्बुद्धि दें। पूर्व पार्षद प्रदीप चौहान वाल्मीकि ने भी लिखा कि वे जनता के साथ हैं और विधायक जी को शहर की जनता के साथ खड़े होने की जरूरत है। वहीं तनुज गंभीर ने सवाल उठाया कि क्या अब हमें भाजपा की जनपद में राजनीति पर पुनर्विचार करना चाहिए, जब जनता का साथ नहीं दिया जा रहा? वहीं इस पूरे घटनाक्रम के बाद भाजपा संगठन के भीतर असहजता साफ दिखाई दे रही है। पार्टी के कई सक्रिय सदस्य खुलकर जनप्रतिनिधियों की भूमिका पर सवाल उठा रहे हैं। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि यदि जल्द ही संगठन स्तर पर संवाद और स्थिति स्पष्ट नहीं की गई तो यह नाराजगी आगे चलकर चुनावी समीकरणों को प्रभावित कर सकती है। हाउस टैक्स को लेकर शुरू हुआ विवाद अब केवल प्रशासनिक या कानूनी मुद्दा नहीं रह गया है, बल्कि यह भाजपा के अंदरूनी असंतोष का कारण बनता दिखाई दे रहा है। अब देखना होगा कि पार्टी नेतृत्व इस असंतोष को किस तरह संभालता है और जनता को राहत दिलाने के लिए क्या कदम उठाए जाते हैं।

# पुलिस कमिश्नरेट में फ्राइडे अलर्ट

## होली और रमजान पर कड़ी निगरानी के निर्देश

### - डीसीपी स्तर के अधिकारी संभालेंगे कमान





**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** आगामी होली, रमजान और 1 मार्च को रविदास जयंती के मद्देनजर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद ने कानून-व्यवस्था को पूरी तरह नियंत्रण में रखने के लिए पूरा सुरक्षा प्लान लागू कर दिया गया है। पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड के निर्देश पर शुक्रवार को तीनों जोन में फ्राइडे अलर्ट घोषित किया गया है।

अपर पुलिस आयुक्त (कानून-व्यवस्था) राज करन नैय्यर ने डीसीपी स्तर के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि किसी भी सूरत में कानून-व्यवस्था की स्थिति बिगड़ने नहीं दी जाएगी। संवेदनशील और मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। होली के दौरान अवैध शराब और मादक पदार्थों की तस्करी पर रोक लगाने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा।

पुलिस टीमों को निर्देश दिए गए हैं कि एक राज्य से दूसरे राज्य में शराब की अवैध ढुलाई पर कड़ी नजर रखें। शराब के ठेकों और गोदामों के आसपास भी जांच अभियान चलाया जाएगा। पुलिस की सोशल मीडिया मॉनिटरिंग टीम को सक्रिय कर दिया गया है। किसी भी प्रकार की भड़काऊ पोस्ट, आपत्तिजनक टिप्पणी या अफवाह फैलाने वालों पर तत्काल कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साइबर टीम 24 घंटे ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर नजर रखेगी।

### नमाज और धार्मिक आयोजनों पर विशेष सतर्कता

करंट क्राइम : शुक्रवार की नमाज के दौरान प्रमुख मस्जिदों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में ड्रोन कैमरों से निगरानी की जाएगी। थाना प्रभारी और चौकी प्रभारी अपने-अपने क्षेत्रों में लगातार पैदल गश्त करेंगे। जिन स्थानों पर धार्मिक या सामाजिक कार्यक्रम प्रस्तावित हैं, वहां पूर्व अनुमति अनिवार्य की गई है तथा आयोजनों की वीडियोग्राफी भी कराई जाएगी।

### होली को लेकर दो दिवसीय विशेष अभियान

करंट क्राइम : शनिवार और रविवार को होली के मद्देनजर विशेष चेकिंग अभियान चलाया जाएगा। बाजार, रेलवे स्टेशन, बस अड्डा और मेट्रो स्टेशन के आसपास संदिग्ध व्यक्तियों की जांच की जाएगी। शहर की सीमाओं और बॉर्डर क्षेत्रों में बैरिकेडिंग कर सघन चेकिंग के निर्देश दिए गए हैं, ताकि बाहरी अराजक तत्व प्रवेश न कर सकें।

### माहौल बिगाड़ने वालों पर सख्त कार्रवाई : सीपी




करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि त्योहारों के दौरान सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है। नियम तोड़ने, हुड़दंग या सांप्रदायिक तनाव फैलाने की कोशिश करने वालों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस प्रशासन ने आमजन से भी अपील की है कि त्योहारों को शांति और भाईचारे के साथ मनाएं तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें।



# इंस्टाग्राम के 'सुल्तान' बने पीएम

## 10 करोड़ फॉलोअर्स वाले दुनिया के पहले राजनेता




**नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने डिजिटल दुनिया में एक नया इतिहास रच दिया है। गुरुवार को पीएम मोदी के इंस्टाग्राम पर 100 मिलियन यानी 10 करोड़ फॉलोअर्स हो गए हैं। इसी के साथ पीएम मोदी दुनिया के सबसे ज्यादा सोशल मीडिया फॉलोवर्स वाले राजनेता बन गए हैं।दिलचस्प बात यह है कि पीएम मोदी के अकेले के फॉलोअर्स की संख्या, दुनिया के अगले पांच सबसे लोकप्रिय नेताओं के कुल फॉलोअर्स को मिलाकर भी उनसे कहीं ज्यादा है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता किसी से छिपी नहीं है। दुनिया के बड़े नेताओं में उनकी गिनती होती है। सोशल मीडिया पर उनकी लोकप्रियता अन्य वैश्विक नेताओं जैसे अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप या अन्य राष्ट्राध्यक्षों से काफी ज्यादा है।

**भारत में भी कोई टक्कर में नहीं :** देश के भीतर भी पीएम मोदी की लोकप्रियता का कोई सानी नहीं है। भारतीय राजनेताओं की लिस्ट में भी वे मीलों आगे हैं। उनके बाद 16.1 मिलियन फॉलोअर्स के साथ यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दूसरे स्थान पर हैं। वहीं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी 12.6 मिलियन फॉलोअर्स के साथ तीसरे स्थान पर हैं।

**मोदी के बाद योगी की लोकप्रियता :** अगर केवल भारत की बात की जाए तो इंस्टाग्राम पर सबसे अधिक फॉलोअर्स के मामले में पीएम मोदी के बाद यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ का ही नंबर आता है। जी हां, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 16.1 मिलियन फॉलोअर्स के साथ दूसरे नंबर पर हैं, जो पीएम मोदी से बहुत पीछे हैं। इसके बाद कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी लगभग 12.6 मिलियन फॉलोअर्स के साथ तीसरे नंबर पर हैं।

**राहुल गांधी से इतने आगे हैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी :** भारत में भी मोदी और दूसरे नेताओं के बीच का अंतर बहुत ज्यादा है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 16.1 मिलियन फॉलोअर्स हैं, जबकि कांग्रेस एमपी और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के लगभग 12.6 मिलियन फॉलोअर्स हैं।

# बरसाना में लाठियों से बरसा होली प्रेम

## रसिया की जय के गगनभेदी जयकारों से गूंजा आसमान





**मथुरा।** मथुरा के बरसाना में होली के रसिया की जय के गगनभेदी जयकारों के बीच विश्व प्रसिद्ध लठामार होली हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हो गई। रंगीली गली में नंदगांव के हुरियारों और बरसाना की हुरियारिनों के बीच परंपरागत लठामार होली का अद्भुत दृश्य देखने को मिला। ढालों पर बरसते लठ और उड़ते गुलाल के बीच होरी के रसिया गूंजते रहे और पूरा बरसाना भक्ति और उल्लास में डूबा नजर आया।

मंदिर से लेकर रंगीली गली तक श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी रही। लठामार होली अपने चरम पर पहुंचते ही पूरा वातावरण होली के रसिया की जय और राधे राधे के जयघोष से गूंज उठा। ढालों पर पड़ती लाठियों और होरी की तानों ने सदियों पुरानी परंपरा को सजीव कर दिया। श्रद्धालु ऊंचे स्थानों और छतों पर खड़े होकर इस अलौकिक होली के दर्शन करते नजर आए और हर प्रहार पर जयकारों की गूंज तेज होती चली गई। रंगीली गली में गुलाल और रंगों की ऐसी बरसात हुई कि पूरा क्षेत्र राधा रानी के रंग में रंगा नजर आया। श्रद्धालु परिक्रमा करते, नाचते गाते और एक दूसरे पर गुलाल उड़ाते दिखाई दिए। कई भक्त हाथ जोड़कर रंगीली गली की ओर निहारते रहे तो कई ने इस होली को राधा रानी का साक्षात प्रसाद मानकर अपने माथे पर गुलाल लगाया। दूर-दराज से आए श्रद्धालुओं ने कहा कि लठामार होली के दर्शन जीवन का सौभाग्य हैं और बरसाना आकर उनकी मनोकामना पूर्ण हुई। देर शाम तक होली का उल्लास बना रहा और परंपरागत रीति के अनुसार लठामार होली का समापन हुआ। होली के रसिया की जय के जयकारों के बीच श्रद्धालु भावविभोर होकर लौटते नजर आए। कोई गुलाल की पुड़िया संभालता दिखा तो कोई रंगीली गली की मिट्टी को प्रसाद मानकर अपने साथ ले गया।

# सुप्रीम कोर्ट ने एनसीईआरटी से कहा-माफी काफी नहीं पहले हार्ड कॉपी वापस लें, डिजिटल कॉपी हटाएं




**नई दिल्ली।** एनसीईआरटी की आठवीं कक्षा की किताब के विवादित अंश को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने सख्त रूख अपनाया है। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को इस मामले पर सुनवाई के दौरान एनसीईआरटी की आठवीं की उस किताब पर प्रतिबंध लगा दिया है, जिसके अध्याय में न्यायपालिका में भ्रष्टाचार वाला हिस्सा है। किताब में 'न्यायपालिका में भ्रष्टाचार' वाले अंश को लेकर उपजे विवाद पर चीफ जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल पंचोली की पीठ ने सुनवाई की। चीफ जस्टिस ने सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि इस मामले में एनसीईआरटी का माफी मांगना पर्याप्त नहीं है। उन्होंने कहा कि ऐसी किताब बच्चों तक जाने देना गलत होगा। न्यायपालिका की गरिमा को बनाए रखना जरूरी है। शिक्षा सचिव और एनसीईआरटी को नोटिस जारी करते हुए सर्वोच्च अदालत ने कहा कि जब तक कोर्ट संतुष्ट नहीं हो जाता, सुनवाई जारी रहेगी। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और राज्य सरकारों को इस किताब की सभी कॉपियों को जब्त करने का आदेश दिया है और साथ ही इसके डिजिटल प्रिंट को भी हटाने को कहा है। सुप्रीम कोर्ट ने चेतावनी दी कि अगर उसके इस आदेश के पालन में कोताही बरती गई तो गंभीर कार्रवाई की जाएगी।

सर्वोच्च अदालत ने एनसीईआरटी के निदेशक, स्कूली शिक्षा सचिव को भी कारण बताओ नोटिस जारी किया है और ये पूछा है कि इसके लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई क्यों न की जाए। मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि यह न्यायपालिका की गरिमा को ठेस पहुंचाने के लिए जानबूझकर किया गया कृत्य लगता है।

सुनवाई के दौरान एनसीईआरटी ने कहा कि वे बिना शर्त माफी मांगने को तैयार हैं। किताब से विवादित अंश को भी हटा दिया जाएगा। इस पर चीफ जस्टिस ने कहा कि केवल माफी मांगना और किताब से आपत्तिजनक अंशों को हटाना पर्याप्त नहीं है। एनसीईआरटी के निदेशक को कारण बताना होगा। ये सोच-समझकर उठाया गया कदम है। अदालत ने सवाल किया कि इस मामले को अवमानना क्यों न माना जाए?

पीठ ने कहा कि मामला आपराधिक अवमानना के दायरे में आता है। हम इसकी विस्तृत जांच चाहते हैं।

अदालत ने कहा कि अगर इस पर ध्यान नहीं दिया गया तो इससे लोगों का न्यायपालिका में विश्वास कमजोर होगा। किसी को भी ऐसा करने की इजाजत नहीं दी जा सकती।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि एनसीईआरटी ने बुधवार को जो जवाब दिया है, उसमें एक भी शब्द माफी वाला नहीं है और इसके बजाय वे इसे सही साबित करने की कोशिश कर रहे हैं।

शिक्षा मंत्रालय की तरफ से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सुप्रीम कोर्ट में बिना शर्त माफी मांगी। सुप्रीम कोर्ट ने मामले की सुनवाई 11 मार्च तक टाल दी है।

# काशी में 15 से 20 लोगों के बीच ही खेली जा सकती है मसाने की होली



**वाराणसी।** मणिकर्णिका घाट पर चिता की भस्म से खेले जाने वाली होली के लिए पुलिस प्रशासन इस बार सुरक्षा कारणों के चलते कोविड फामूर्ला लागू कर रही है। नगर निगम से पुलिस पत्राचार भी कर रही है। मणिकर्णिका घाट पर निर्माण कार्यों की वजह से जगह कम होने और जगह-जगह नुकीले सरिये पड़े होने की वजह से सुरक्षा को देखते हुए काशी जोन की पुलिस ने सीमित लोगों के बीच मसाने की होली के लिए सहमति जताई है। 15 से 20 लोगों के बीच ही मसाने की होली खेली जा सकती है।

कोविड काल में 25 से 50 लोगों के बीच ही कार्यक्रम या किसी समारोह की अनुमति मिलती थी। कोविड का दौर नहीं है लेकिन मणिकर्णिका घाट की वास्तविक स्थिति को देखते हुए यह तय किया जा रहा है कि 15 से 20 लोग ही मसाने की होली में शामिल हो। परंपरा का निर्वहन करें। पुलिस के अनुसार नगर निगम से भी पत्राचार किया गया है। अभी तक यह निर्णय लिया गया है कि सीमित लोग मसाने की होली में शामिल हो।




# शिवार्चनम मंच पर अबीर-गुलाल नहीं, फूलों से खेली जाएगी होली

**वाराणसी।** रंगभरी एकादशी की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर न्यास की ओर से बुधवार को दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। लोकाचार और सांस्कृतिक शास्त्रीय परंपरा के अनुसार, यह चल प्रतिमा गर्भगृह में विराजमान होगी, जहां सप्तऋषि आरती और अन्य अनुष्ठान विधिपूर्वक संपन्न किए जाएंगे।

न्यास ने कहा कि इस साल एक विशेष बदलाव किया गया है। शिवार्चनम मंच पर आयोजित कार्यक्रमों के दौरान श्रद्धालु अबीर-गुलाल से नहीं खेलेंगे, बल्कि वहां फूलों की होली की व्यवस्था की गई है। मंदिर न्यास ने बताया कि मंदिर प्रांगण के भीतर काशीवासियों को अपने महादेव की चल प्रतिमा के साथ अबीर, गुलाल और रंगों की होली खेलने के लिए आमंत्रित किया गया है। वर्षों से चली आ रही परंपरा के अनुसार, बाबा की प्रतिमा बाहर से लाई जाती है।

चूंकि यह क्षेत्र संकरी गलियों वाला है, इसलिए पुलिस और पूर्व महंत परिवार की बैठक के बाद यह निर्णय लिया गया है।

# एनसीईआरटी विवाद पर शिक्षा मंत्री की सफाई, बोले-न्यायपालिका का अपमान करने की कोई मंशा नहीं




**नई दिल्ली।** एनसीईआरटी की किताब में न्यायपालिका से जुड़े कथित विवादित अध्याय को लेकर देश में उठे राजनीतिक और न्यायिक विवाद के बीच केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने साफ कहा कि जो कुछ हुआ उससे उन्हें गहरा दुख है और सरकार या शिक्षा मंत्रालय की ओर से न्यायपालिका का अपमान करने की कोई मंशा नहीं थी। उन्होंने भरोसा दिलाया कि अदालत के निर्देशों का पूरी तरह पालन किया जाएगा और जिम्मेदारी तय कर कार्रवाई भी होगी।

धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि सरकार न्यायपालिका का सर्वोच्च सम्मान करती है और किसी भी शैक्षणिक सामग्री के जरिए संस्थाओं की गरिमा को ठेस पहुंचाना स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने कहा कि एनसीईआरटी की किताब में न्यायपालिका में भ्रष्टाचार से जुड़ी सामग्री तैयार करने की प्रक्रिया की जांच की जा रही है। मंत्री ने स्पष्ट किया कि अध्याय तैयार करने में शामिल लोगों की जवाबदेही तय की जाएगी और दोषी पाए जाने पर कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि शिक्षा व्यवस्था का उद्देश्य जागरूकता फैलाना है, संस्थाओं को बदनाम करना नहीं।

यह मामला एनसीईआरटी की कक्षा 8 की सामाजिक विज्ञान की किताब से जुड़ा है, जिसमें न्यायपालिका में भ्रष्टाचार से संबंधित एक हिस्सा शामिल किया गया था। इस सामग्री को लेकर वरिष्ठ वकीलों और कई कानूनी विशेषज्ञों ने आपत्ति जताई थी। उनका कहना था कि स्कूल के छात्रों को इस तरह की सामग्री पढ़ाना न्यायपालिका की छवि को नुकसान पहुंचा सकता है। मामला सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचा, जिसके बाद इस पर राष्ट्रीय स्तर पर बहस शुरू हो गई।

# 'द केरल स्टोरी 2' के मेकर्स को झटका, रिलीज से एक दिन पहले केरल हाईकोर्ट ने लगाई रोक, 15 दिन के लिए टली फिल्म




**नई दिल्ली।** केरल हाई कोर्ट ने गुरुवार को फिल्म 'द केरल स्टोरी 2-गोज बियॉन्ड' की रिलीज पर अंतरिम रोक लगा दी है। केरल हाई कोर्ट ने गुरुवार को फिल्म केरल स्टोरी 2 की रिलीज पर 15 दिनों के लिए रोक लगा दी। कोर्ट ने कहा कि पहली नजर में ऐसा लगता है कि सेंसर बोर्ड ने फिल्म को सर्टिफिकेट देते हुए सोच-समझकर काम नहीं लिया। जस्टिस बेचू कुरियन थॉमस ने फिल्म की रिलीज को चुनौती देने वाली दो याचिकाओं पर यह आदेश दिया। फिल्म 27 फरवरी को रिलीज होने वाली थी।

**गाइडलाइंस का नहीं हुआ पालन :** कोर्ट ने अपने आदेश में यह भी कहा कि फिल्म से सामाजिक सौहार्द न बिगड़े, यह पक्का करने के लिए बनाई गई गाइडलाइंस का सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन ने पालन नहीं किया।

**याचिकाओं में क्या है? :** हाईकोर्ट में दायर याचिकओं में 'द केरल स्टोरी 2' के मेकर्स को सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन से मिले सर्टिफिकेशन को चुनौती दी गई थी।

इन याचिकाओं में दावा किया गया कि फिल्म में केरल को गलत तरीके से दिखाया गया। इससे कानून-व्यवस्था बिगड़ सकती है।

### भाईचारा बिगड़ने का दिया हवाला

फिल्म की रिलीज को चुनौती देने वाली याचिकाओं में, याचिकाकर्ता ने कहा कि फिल्म का टाइटल और प्रमोशनल मटीरियल दोनों ही केरल को गलत तरीके से दिखाते हैं। उनमें ऐसे थीम हैं जो भाईचारा बिगाड़ सकते हैं और कानून-व्यवस्था की स्थिति बिगाड़ सकते हैं। एक याचिका में टाइटल से 'केरल' हटाने के लिए भी निर्देश देने की मांग की गई थी।

**ट्रेलर रिलीज के बाद मचा हंगामा :** विपुल अमृतलाल शाह के प्रोडक्शन में बनी फिल्म 'द केरल स्टोरी 2' को ट्रेलर रिलीज होने के बाद सोशल मीडिया पर कड़े रिएक्शन मिले। फिल्म के एक सीन पर यूजर्स ने कड़ी आपत्ति जताई थी। इसमें जबरदस्ती एक महिला को प्रतिबंधित मांस खिलाया जाता है।

### अदालत ने फिल्म देखने की जताई इच्छा

मंगलवार को केरल हाई कोर्ट ने फिल्म देखने की इच्छा जताई थी। मेकर्स ने अदालत से कहा कि 'द केरल स्टोरी 2' ने सीबीएफसी से स्वीकृति ली है। इसके बाद याचिकाकताओं ने सीबीएफसी की तरफ से स्वीकृति दिए जाने पर भी सवाल उठाए हैं।

# 'नीला ड्रम' मर्डर कांड : कत्ल के बाद पनीर और मिठाई लाया था अक्षत, चाची ने पकाया खाना




**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के राजधानी लखनऊ में शराब कारोबारी और पैथोलोजी संचालक की हत्या के मामले में रोज नए-नए खुलासे हो रहे हैं। पिता की हत्या करने वाले बेटे को लेकर कई खुलासे हुए हैं। पिता की हत्या करने के बाद आरोपी बेटे अक्षत के चेहरे पर पछतावे की शिकन तक नहीं थी। कत्ल के बाद उसने घर में ऐसा सामान्य माहौल बनाया कि किसी को भनक तक न लगे। जिस पिता ने बच्चों की खातिर दूसरी शादी नहीं की, उनके खून से हाथ रंगने के बाद अक्षत बाजार से पनीर और मिठाई खरीद कर लाया।

मानवेंद्र के भाई अरविंद की पत्नी ही पूरे परिवार के लिए भोजन बनाती थीं। हत्या के बाद अक्षत ने चाची को पनीर लाकर दिया। चाची ने खाना तैयार किया और फिर घर के अन्य सदस्यों के साथ बैठकर अक्षत ने सामान्य तरीके से भोजन किया।

उसने मिठाई भी खिलाई ताकि किसी को शक न हो कि घर के भीतर कोई खौफनाक वारदात हुई है। उधर, वारदात के समय आरोपी की बहन कक्षा 11 की छात्रा कृति पिता और भाई के साथ कमरे में ही थी।

पिता की मौत के बाद अक्षत ने कृति को खौफ की ऐसी जंजीरों में जकड़ा कि वह पत्थर बन गई। अक्षत ने उसे धमकी दी कि अगर किसी को बताया तो वह उसे भी मार देगा।

**पिता की हत्या के बाद परीक्षा देने गई थी बेटी, दहशत में रही खामोश :** खौफ का आलम यह था कि 20 फरवरी को कृति परीक्षा देने स्कूल भी गई। उसने परीक्षा दी, लेकिन न तो शिक्षकों और न ही सहेलियों से कुछ साझा किया। वह चुपचाप घर लौटी और भाई के आदेशों का पालन करती रही। कृति के दोस्त हैरान हैं कि कृति ने किसी से भी कुछ साझा नहीं किया। कॉलोनी के लोगों के मुताबिक, मानवेंद्र अपनी बेटी कृति से बेहद प्रेम करते थे। बच्चों की देखरेख में कोई कमी न रह जाए, इसलिए उन्होंने दूसरी शादी नहीं की।

वे बच्चों की सुरक्षा के लिए उन्हीं के कमरे में सोते थे, लेकिन उन्हें क्या पता था कि जिस बेटे के भविष्य के लिए वे खुद को खपा रहे हैं, वही उनकी जान का दुश्मन बन जाएगा।

**अंतिम संस्कार का हक खोया, भतीजे ने दी मुखाग्नि :** पिता का कत्ल करने के आरोपी अक्षत ने अंतिम संस्कार का हक भी खो दिया। बुधवार को मानवेंद्र सिंह (49) की हत्या के छठवें दिन उनका अंतिम संस्कार वीआईपी रोड स्थित बैकुंठ धाम में किया गया। शव को मानवेंद्र के भाई अरविंद के बेटे कृत सिंह ने मुखाग्नि दी। इस दौरान हर कोई अक्षत की करतूत पर उसे कोस रहा था। पोस्टमार्टम के बाद मंगलवार को देर शाम हो जाने के कारण शव को मॉच्यूरी में ही रखा गया था। बुधवार सुबह परिजन पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे और शव लेकर रवाना हुए।

# जेएनयू में छात्रों का बवाल: वीसी के इस्तीफे की मांग पर अड़े, जातिसूचक टिप्पणी का आरोप



**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में जवाहरलाल नेहरू विश्व विद्यालय के छात्रों ने वीसी शांतिश्री डी पंडित के खिलाफ प्रदर्शन किया और उनके इस्तीफे की मांग की है। कैंपस के आसपास कड़ी सुरक्षा कर दी गई है।

जानकारी के लिए बता दें कि दिल्ली पुलिस ने कुलपति शांतिश्री पंडित के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान जवाहरलाल नेहरू विश्व विद्यालय के छात्रों को हिरासत में लिया गया है।

10 दिन पहले जेएनयू छात्रसंघ ने कुलपति शांतिश्री धुलिपुडी पंडित पर एक पॉडकास्ट में कथित रूप से जातिसूचक टिप्पणियां करने का आरोप लगाया और इसकी कड़ी निंदा की। इस पॉडकास्ट में यूजीसी नियमों पर चर्चा हो रही थी। हालांकि, कुलपति ने इन आरोपों से इनकार किया।

छात्रसंघ के अनुसार, बीती 16 फरवरी को जारी 52 मिनट के एक पॉडकास्ट में कुलपति ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के नियमों, छात्रसंघ पदाधिकारियों के निष्कासन और विश्वविद्यालय की छवि जैसे मुद्दों पर बातचीत की थी। छात्रसंघ का कहना था कि इस दौरान दिए गए कुछ बयान आपत्तिजनक थे। संघ ने बयान जारी कर कुलपति से इस्तीफे की मांग की और कहा कि ऐसे वक्तव्यों से विश्वविद्यालय की गरिमा प्रभावित होती है।

छात्रसंघ ने विशेष रूप से उस टिप्पणी का उल्लेख किया, जिसमें कहा गया था कि स्थायी रूप से पीड़ित बने रहने या पीड़ित होने का दावा करने से प्रगति नहीं हो सकती। संघ का आरोप है कि यह टिप्पणी विश्वविद्यालयों और सार्वजनिक स्थलों पर सामाजिक अन्याय और बहिष्कार की वास्तविकताओं को नजरअंदाज करती है।

**क्या है कुलपति का पक्ष? :** इन आरोपों पर प्रतिक्रिया देते हुए कुलपति ने कहा कि उनके बयान को संदर्भ से हटाकर प्रस्तुत किया गया है।

## दूध-खोवा और घी में मिली मिलावट

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में होली व ईद से पहले शहर में मिलावटखोरों के खिलाफ खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) की कार्रवाई बुधवार को भी जारी रही। 1,998 किलोग्राम विभिन्न प्रकार की मिठाइयों की जांच की गई। उसकी गुणवत्ता खराब मिली। इस पर करीब 21.16 लाख रुपये कीमत की इस मिठाई को नष्ट करा दिया गया।

**संबंध विच्छेद**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र नईमुद्दीन व उसकी पत्नी माफिया को उनके द्वारा किए गए कार्यों से तंग व परेशान होकर अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी नैतिक-अनैतिक कार्यों के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

प्रार्थी इस्लाम पुत्र इब्राहिम निवासी-90, भिक्कनपुर,जिला-गाजियाबाद

**नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र का नाम समस्त दस्तावेजों में मुकेश कुमार पुत्र स्वर्गीय श्री लक्ष्मी नारायण था और उसकी एफ.डी.में मेरे पुत्र का नाम मुकेश बाबू पुत्र स्वर्गीय श्री लक्ष्मी नारायण था दोनों नाम उसी के थे मेरे पुत्र को इन दोनों नाम से जाना पहचाना जाता था।

प्रार्थी राजरानी पत्नी स्वर्गीय श्री लक्ष्मी नारायण निवासी मकान नंबर 51 ऑब्लिक 3 लाल क्वार्टर लोहिया नगर तहसील व जिला गाजियाबाद उत्तर प्रदेश

27 Feb -26 page 3 26-02-26 10:43 PM Page 1

दैनिक करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...






# पूर्व मेयर ने क्यों मांगी जनता से हाथ जोड़कर माफी

## बोले, आपने हमारी झोली वोटों से भर दी मगर हम आपको नहीं दे सके कोई राहत






### जनता का इंतजार क्या मेयर भी रखेंगी विचार

करंट क्राइम। हाईकोर्ट फैसले को लेकर अशु वर्मा ने जनता से माफी मांगी। निगम के मुखिया रहे हैं, शहर के मेयर रहे हैं और यहां अब चर्चा ये है कि क्या मेयर सुनीता दयाल भी इस विषय पर अपनी बात रखेंगी। उनकी राय इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि वो मौजूदा सदन की मुखिया है। उन्होंने दो बार सार्वजनिक रूप से ये घोषणा की कि कर वृद्धि का प्रस्ताव सर्वसम्मति से निरस्त हो गया है। लेकिन एक बार उन्होंने कहा कि पुरानी दरों पर टैक्स जमा होगा और दूसरी बार उनका वीडियो आया कि निगम हाउस टैक्स में छूट दे रहा है उसका लाभ उठा लें। ऐसे में जब सांसद विधायक शब्दों को हदों में रखते हुए समाधान की बात कह रहे है। तो एक बड़ा सवाल ये है कि क्या मेयर सुनीता दयाल इस पूरे मामले पर कोई राय रखेंगी। गाजियाबाद की जनता को उनके बयान का इंतजार रहेगा। क्योंकि लोग ये भी कह रहे हैं कि एक तरफ तो मोदी सरकार ने जनता को कई चीजों में राहत दी है। और दूसरी तरफ हाउस टैक्स पर ये अतिरिक्त मार जनता पर पड़ी है। ऐसे में अब उनका क्या बयान रहेगा। वो पार्षदों का भी प्रतिनिधित्व करती हैं और शहर की जनता का भी प्रतिनिधित्व करती है। तो ऐसे में सभी की निगाहें मेयर की राय पर है।

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राजनीति की बात करें तो गाजियाबाद भाजपा के लिए सबसे सेफ गढ़ माना जाता है। यहां से भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहते हुए राजनाथ सिंह लोकसभा सांसद रहे है। जनरल वीके सिंह ने अपनी राजनीतिक पारी शुरू की और वो 17 दिन पहले गाजियाबाद में लोकसभा का चुनाव लड़ने के लिए आये। 17 दिन पुराने भाजपा उम्मीदवार को गाजियाबाद की जनता ने देश की सबसे बड़ी जीत दिलाई। देश की सबसे बड़ी विधानसभा में भाजपा को सबसे बड़ी जीत मिली है। नगर निगम में मेयर की कुर्सी पर शुरू से भाजपा का कब्जा रहा है। 100 में से 75 पार्षद भाजपा के है। सरकार भाजपा की और निगम में बम्पर बहुमत भाजपा के पास। निगम अधिकारियों ने हाउस टैक्स बढाया तो भाजपा के ही पूर्व सीनियर पार्षद मैदान में आ गये। उन्होंने इसे जनविरोधी बताया। इधर 75 भाजपा पार्षदों वाले सदन ने कर वृद्धि का प्रस्ताव सर्वसम्मति से निरस्त कर दिया।

इधर हाईकोर्ट में केस चला और जब फैसला आया तो इसमें भाजपा के जनप्रतिनिधियों को झटका लगा। अन्य सभी जनप्रतिनिधि तो कहते रहे लेकिन गाजियाबाद के पूर्व मेयर अशु वर्मा अपने जज्बात को दबा नहीं सके और खुलकर मैदान में आये। अशु वर्मा एक ऐसे नेता हैं जो संगठन से लेकर जनप्रतिनिधि होने का सफर तय कर चुके है। जनता से जुड़कर राजनीति करते हैं और जनता से जुड़े मुद्दों पर वो खुलकर सामने आते है। स्पष्टवादिता के साथ बात रखते है।

शहर के मुद्दों से अपडेट रहते है। लेकिन जब कर वृद्धि को लेकर हाउस टैक्स का फैसला आ गया तो पूर्व मेयर ने सियासी नफा नुकसान को साईड में रखा और जनता के मन की बात को लिख दिया। वो खुलकर सामने आये। उन्होंने ये लिखा कि प्रधानमंत्री मोदी जी ने जीएसटी में कटौती कर आम व्यक्ति को राहत दी और हम गाजियाबाद में ......। इसके बाद पूर्व मेयर अशु वर्मा बोल्ड तरीके से सामने आये है। वो अपने इमोशन को जनता के लिए बाहर ले आये। ये बड़ी बात है कि भाजपा के पूर्व मेयर ने गाजियाबाद महानगर की जनता से हाथ जोड़कर माफी मांगी। पूर्व मेयर अशु वर्मा ने लिखा कि मैं गाजियाबाद महानगर निवासियों से हाथ जोड़कर माफी मांगता हूं कि हम आपके ऊपर 100 प्रतिशत, 200 प्रतिशत, 300 प्रतिशत तक बढ़ाये गये हाउस टैक्स से आपको राहत नहीं दिला सके। जबकि आपने स्थानीय निकाय, विधानसभा व लोकसभा में हमारी झोली वोटों से भर दी। पूर्व मेयर अशु वर्मा का ये बयान बताने के लिए काफी है कि घमासान किस स्तर पर मच रहा है। वो जनता का आभार भी व्यक्त कर रहे है और जनता से हाथ जोड़कर माफी भी मांग रहे है। पूर्व मेयर अशु वर्मा सियासत के उन चेहरों में हैं जो शालीनता से अपनी बात रखते है। चाहे वो सोशल मीडिया पर हों, चाहे मीडिया पर हों या पब्लिक मंच पर हो, वो कभी अपने व्यवहार की मयार्दा नहीं खोते। उनकी शालीनता और दृढ़ता उनके शब्दों में दिखाई देती है मगर टैक्स फैसले के बाद वो खुद को रिलैक्स नहीं रख सके। एक बड़ी बात है कि सत्ताधारी दल के पुराने नेता और पूर्व मेयर ने जनता से हाथ जोड़कर माफी मांगी। गाजियाबाद की जनता भी फैसले का इंतजार कर रही थी लेकिन उसे नहीं पता था कि क्या फैसला आयेगा और जब फैसला आया तो ये नीतिगत चर्चा का विषय बन गया है।




- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** नदिया पार के मैम्बर अग्रवाल जी का धीरज दे रहा था जवाब? वो कह रहे थे झटके पर झटके हमको लग रहे हैं हमको बेहिसाब? एक तो हाउस टैक्स के मुद्दे ने बढ़ा दी है हमारी टेंशन? वहीं शमशान वाले मैटर में भी फैसला हमारे खिलाफ आया है? अब हम अपनी आंखों को नम तो नहीं कर सकते? मगर दर्द को तो कर सकते है आपसे मेंशन?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** पार्षदों के ग्रुप पर हाउस टैक्स को लेकर चल रही थी चर्चाएं? पार्षद हो रहे थे परेशान कि अब क्या किया जाये? सभी इसी मामले में दे रहे थे अपनी राय? तभी मिस्टर कराकोटी ने डाल दिया उद्घाटन वाला फोटो? जिस पर माहौल बदल गया बेहिसाब? पार्षदों ने एक दूसरे को फोन करके कहा कि यहां हम टैक्स का रोना रो रहे हैं? और यहां भाईसाहब उद्घाटन की खुशियों का करा रहे हैं एहसास? लगता है हाउस टैक्स के मैटर से इनका कुछ भी लेना-देना नहीं है साहब?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हाउस टैक्स पर भगवा मैम्बर हिमांशु चौधरी ने बात को रखा गहराई से? बोले हम जीत गये, फिर उसके बाद बोले कि हम सब पार्षद मिलकर लड़ेंगे, इसके खिलाफ लड़ाई? कहने वाले ने कहा हमने जब गौर किया चौधरी साहब के शब्दों पर तब हमें एहसास हुआ कि उन्होंने ली है कुछ और ही अंगडाई? हमें ऐसा लगा कि इस मैटर में वो नहीं थे पूर्व पार्षदों के साथ? इसलिए उन्होंने कहा अब हम सब मिलकर लड़ाई लड़ेंगे? कहने वाले ने कहा कुछ-कुछ तो हमें दिखाई दिया उनमें वो वाला वाद?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** भगवा मैम्बर तोमर थे एक वैवाहिक आयोजन में? वहां पर एक जनप्रतिनिधि ने उनको दे दी बधाई? बधाई तक तो मामला ठीक था मगर शब्दों में धरना देने वाले शब्दों का सीन दे रहा था दिखाई? जैसे मारा हो जनप्रतिनिधि ने ताना कि क्या हुआ तुम्हारे धरने का? जब बढ़ गया हाउस टैक्स का ताना-बाना? सुना है भगवा मैम्बर इन शब्दों से दिख रहे है नाराज? ग्रुप पर उनकी नाराजगी की चर्चाएं हम देख रहे थे साहब?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हमने देखा है हाउस टैक्स पर अधिकतर जनप्रतिनिधि देते हैं बयान? मगर हम देखते है मुराद पूरी करने वाले विधायक यहां पर प्रकट नहीं करते हैं अपने अरमान? नहीं दे रहे हैं वो लंबे समय से इस मैटर पर प्रतिक्रिया? हमें पता है देहात उनकी ताकत है? मगर शहरी मौहल्लों का भी एरिया है उनके पास? कुछ तो उनको भी इस मैटर पर कहना चाहिए? जनता उनको भी सुनना चाहती है साहब?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** मैं आपको बता रहा हूं हाल ही में हुई सपा वाली ज्वाईनिंग की बात? शर्मा जी लड़ना चाहते हैं धौलाना विधानसभा से चुनाव? इसी तर्क पर हुए हैं वो साईकिल पर सवार? सुना है बड़ी ही गंभीरता से हुआ है उनके नाम पर विचार? कहने वाले ने कहा देखते हैं ये वाला समीकरण कब तक फिट रहेगा यार?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हमने देखा है मैम्बर नीरज गोयल ने इन दिनों कर ली है अपनी फायर शांत? उन्हें हो गया है एहसास क्रान्तिकारी होने का नहीं है ज्यादा लाभ? हमने देखा हाउस टैक्स पर कोर्ट का फैसला आने के बाद भी उन्होंने दिखाई नहीं अपने शब्दों की धार? बस हल्का फुल्का सा लिखकर प्रकट कर दिया अपने दिल का इजहार? कहने वाले ने कहा जब रूक गये हैं वार्ड में काम? आखिर वो ही क्या करें यार?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** माना हाउस टैक्स पर आप दिखा रहे हो साहब पर नाराजगी? मगर ये नाराजगी नहीं है दिखानी इतनी लाजमी? पूर्व वाले साहब ही कर गये थे इसकी पूरी स्क्रिप्ट तैयार? पूरा ड्राफ्ट उन्होंने ही कर दिया था तैयार? उन्होंने ही लखनऊ तक पहुंचाई थी पूरी फाईल? इसलिए जब डिसीजन आया होगा तो उनके चेहरे पर भी आई होगी स्माईल?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हाउस टैक्स वाले मैटर पर अपने आपसी द्वेष हटाकर जनप्रतिनिधियों को देखना होगा मैटर? बोर्ड बैठक में जाकर उनकी एकता से ही मजबूत होगी आगे की आवाज? कहने वाले ने कहा सब मिलकर कुछ ऐसा कर दें जिस पर जनता करे नाज? कहने वाले ने कहा माना कि लहर जबरदस्त चल रही है, मगर हमेशा एक से नहीं होते हैं चुनाव?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** एक विधानसभा में है विधायक का जलवा? हर अधिकारी उन्हीं से विकास कार्यों के उद्घाटन करना चाहता है? चाहता है कि ठेकेदार बांटे विधायक जी के आने पर ही कार्यों के शुभांरभ करने का हलवा? कहने वाले ने कहा कि ठेकेदार भी हो जाता है विधायक जी की दलख से रिलैक्स? क्योंकि वो पूरी निगरानी रखते हैं उन पर जो मांगते तरह-तरह के टैक्स?

नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।

# सभी रहें अपडेट एक और रिट याचिका हो गई खारिज

## शमशान घाट की याचिका लेकर सात पार्षद पहुंचे थे कोर्ट

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** सबसे पहले शासन से अपील होती है। फिर सरकार से अपील होती है और जब ये लगे कि सुनवाई नहीं हो रही तो फिर जनप्रतिनिधि अदालत पहुंचते है। अदालत के किसी फैसले को चुनौती नहीं दी जा सकती। क्योंकि न्यायमूर्ति पूरा केस सुनते है और फिर फैसला सुनाते है। जब इस पार से लेकर उस पार तक टैक्स को लेकर आये फैसले पर शोर मच रहा है। ऐसे में नदिया पार से लेकर लाईन पार तक के लोग अपडेट रहें। क्योंकि एक और जनहित याचिका खारिज हुई है। खास बात ये है कि टैक्स वाली जनहित याचिका में तीन पूर्व पार्षद थे और जो दूसरी याचिका खारिज हुई है उसमें तीन से भी डबल पार्षद अदालत पहुंचे थे यानी 7 पार्षदों ने शमशान घाट बचाने को लेकर रिट याचिका दाखिल की थी। अपडेट कर दें कि ये भी रिट याचिका खारिज हो गई है और अदालत में जनहित याचिका दायर करने वाले ये सातों पार्षद भाजपा के है।

पूरा मामला ये है कि पूर्वांचल जिले के एक भाजपा विधायक को इन्दिरापुरम में एक भूखण्ड आंवटित हुआ था। शमशान घाट पहले से ही बना हुआ है और विधायक जी का भूखण्ड यहां आ गया। विधायक जी चाहते हैं कि उनका भूखंड यहीं रहे और शमशान घाट कहीं और चला जाये। विधायक जी ने मुख्यमंत्री के यहां शिकायत दर्ज कराई। इधर शमशान घाट को बचाने के लिए पार्षद और पूर्व पार्षद मैदान में आये और उन्होंने डीएम के यहां शिकायत दर्ज कराई। सीन ये रहा है कि विधायक जी सीएम के यहां पहुंच गये और सात पार्षद डीएम के यहां पहुंच गये। पार्षदों ने ये अवगत कराया कि यहां लाखों की आबादी है और यह शमशान घाट इसी आबादी के लिए बहुत पहले यहां बनाया गया। सूत्र बताते हैं कि पूरे सीन में एक प्रभावशाली बिल्डर का भी हस्तक्षेप है। शमशान घाट के पास बिल्डर के भी फ्लैट बन रहे है। बहरहाल इन सबके बीच भाजपा के सात पार्षद कोर्ट चले गये। प्रदेश में उनकी सरकार, केन्द्र में उनकी सरकार और नगर निगम में 100 में 75 पार्षद भाजपा के और मेयर भाजपा की। लोकसभा सांसद भाजपा के, सारे विधायक भाजपा के, कैबिनेट मंत्री इसी विधानसभा में रहते है। मगर जब सुनवाई नहीं हुई तो पार्षदों ने कोर्ट की शरण ली। फिलहाल खबर ये है कि सीएम और डीएम के यहां से होते हुए पार्षद कोर्ट गये थे और वहां उन्हें झटका लगा है। कोर्ट ने पार्षदों की याचिका खारिज कर दी है। ऐसे में अब ये देखना है कि शमशान घाट यहां से हटेगा या प्लाट कहीं और जायेगा।





# यह तो हो गई हद

## अभी तक नहीं भरा गया है सपा युवजन जिलाध्यक्ष का पद

### क्या सपा से दूर चल रहे हैं युवा फेस, कौन लगाएगा यहां रेस

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** आगामी 2027 के विधानसभा चुनावों को लेकर समाजवादी पार्टी पूरी ताकत झोंकने का दावा कर रही है। राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व में चुनावी रणनीतियां तैयार की जा रही हैं, बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने की बातें हो रही हैं, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही कहानी बयां कर रही है। गाजियाबाद में समाजवादी पार्टी की सबसे अहम युवा इकाई समाजवादी युवजन सभा का जिलाध्यक्ष पद लंबे समय से खाली पड़ा है, जो अब संगठन के भीतर चर्चा और चिंता का विषय बन चुका है। राजनीति में युवाओं को जोड़ने का दावा करने वाली सपा के लिए यह स्थिति असहज मानी जा रही है। सवाल यह उठ रहा है कि क्या पार्टी से युवा जुड़ नहीं रहे, या फिर संगठन के भीतर नेतृत्व संकट गहराता जा रहा है ? पार्टी सूत्रों के मुताबिक, पूर्व जिलाध्यक्ष को हटाए जाने के बाद अब तक कोई ऐसा नाम सामने नहीं आ सका जिसे इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी जा सके।

नतीजतन, युवजन सभा का जिलाध्यक्ष पद खाली है और इसका सीधा असर संगठनात्मक गतिविधियों पर पड़ रहा है।




### अन्य प्रकोष्ठों में भी कमजोर है स्थिति

करंट क्राइम : सिर्फ युवजन सभा ही नहीं, बल्कि समाजवादी पार्टी के कई अन्य प्रकोष्ठों में भी पदाधिकारी या तो कार्यवाहक हैं या फिर पूरी तरह सक्रिय नहीं माने जा रहे। हाल ही में सामने आई जिला स्तरीय सूची में यह बात साफ दिखाई देती है कि कई पदों पर चेहरे फेस रेस से बाहर चल रहे हैं। पार्टी के भीतर यह चर्चा आम है कि योग्य और सक्रिय युवा नेताओं की कमी अब खुलकर सामने आने लगी है। हाल के दिनों में सपा में नसीमुद्दीन सिद्दीकी की वापसी जरूर हुई, लेकिन गाजियाबाद जैसे महत्वपूर्ण जिले में कोई बड़ी या प्रभावशाली जॉइनिंग देखने को नहीं मिली। वहीं लखनऊ में पूर्व कांग्रेस नेता केके शर्मा के सपा में शामिल होने की चर्चा रही, लेकिन युवाओं या मजबूत जनप्रतिनिधियों का सपा से जुड़ना अब भी नदारद नजर आ रहा है।

### अभियान जारी, लेकिन संगठन अधूरा

करंट क्राइम : जिला और महानगर स्तर पर सपा नेतृत्व मतदाता पुनरीक्षण अभियान, संगठन विस्तार और जनसंपर्क कार्यक्रमों का दावा कर रहा है। यह भी कहा जा रहा है कि विधानसभा क्षेत्रों में लगातार कार्यक्रम किए जा रहे हैं ।हालांकि, जिस तरह से समाजवादी युवजन सभा जैसा अहम संगठनात्मक पद लंबे समय से खाली है, वह इन दावों की पोल खोलता नजर आता है। बताया जा रहा है कि पार्टी नेतृत्व गौतमबुद्ध नगर से चुनावी अभियान की शुरूआत करने की तैयारी में है, लेकिन गाजियाबाद जैसे जिले में संगठन की यह कमजोरी 2027 के चुनाव में भारी पड़ सकती है। राजनीतिक जानकारों की मानें तो जब तक युवाओं को जिम्मेदारी और नेतृत्व नहीं मिलेगा, तब तक जमीनी स्तर पर सपा को अपेक्षित मजबूती मिलना मुश्किल है। अब सवाल यह है कि समाजवादी पार्टी कब तक इस संगठनात्मक खालीपन को भरेगी ?क्या युवजन सभा को नया चेहरा और नई ऊर्जा मिलेगी, या फिर यह पद ऐसे ही खाली रहकर पार्टी की चुनावी तैयारियों पर सवाल खड़े करता रहेगा? 2027 की लड़ाई से पहले सपा के लिए यह एक बड़ी और निर्णायक चुनौती बनती जा रही है।

# होली के बाद बदलेगा कमिश्नरेट का रंग !

## एसीपी स्तर के अधिकारियों के प्रमोशन की चर्चा तेज

### - तीन साल वाले एसीपी भी जाएंगे

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में होली के बाद पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में बड़े प्रशासनिक फेरबदल की चर्चाएं जोर पकड़ रही हैं। पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम से जुड़े सूत्रों के अनुसार, होली के बाद चार एसीपी स्तर के अधिकारियों के प्रमोशन की सूची कभी भी जारी हो सकती है। इस संभावित प्रमोशन के साथ ही कमिश्नरेट में कई अहम पदों पर फेस चेंज होना तय माना जा रहा है।



### तो तीन साल पूरे करने वाले एसीपी की होगी विदाई?

करंट क्राइम : चर्चा यह भी है कि जिन एसीपी अधिकारियों ने गाजियाबाद कमिश्नरेट में तीन साल का कार्यकाल पूरा कर लिया है, उन्हें दूसरी जगह भेजा जा सकता है। कुछ को जिला पुलिस में नई जिम्मेदारी मिल सकती है, तो कुछ को अन्य कमिश्नरी में स्थानांतरित किया जा सकता है। हालांकि अंतिम फैसला प्रमोशन लिस्ट और पोस्टिंग ऑर्डर आने के बाद ही स्पष्ट होगा।

### 2013 बैच के अधिकारियों पर नजर

करंट क्राइम : कमिश्नरेट वाले सूत्र यह भी बता रहे हैं कि कमिश्नरेट में फिलहाल 2013 बैच के कई एसीपी अधिकारी अलग-अलग जोन में तैनात हैं। इन अधिकारियों के नाम भी प्रमोशन सूची में कभी भी आ सकते हैं। प्रमोशन के बाद इन्हें एडीसीपी बनाया जाएगा। बड़ा सवाल यह है कि क्या इन्हें गाजियाबाद कमिश्नरेट में ही जिम्मेदारी मिलेगी या फिर किसी अन्य जनपद में भेजा जाएगा।

### जोन सिस्टम पर भी पड़ेगा असर

करंट क्राइम : इन संभावित तबादलों और प्रमोशन का असर केवल अधिकारियों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि कमिश्नरेट के कई जोन और उनकी कार्यप्रणाली पर भी प्रभाव पड़ेगा। नए अधिकारियों के आने और वरिष्ठों के जाने से नीतियों, प्राथमिकताओं और प्रशासनिक संतुलन में बदलाव तय माना जा रहा है। कुल मिलाकर, सबकी नजर अब इसी पर टिकी है कि प्रमोशन लिस्ट कब जारी होती है और होली के बाद कमिश्नरेट में किसके रंग में भांग पड़ती है।

# घर से स्कूल गई 13 साल की मासूम हुई लापता

## थाने में पीड़ित पिता ने बयां किया परिवार का दर्द

**मसूरी (गाजियाबाद)।** गाजियबाद में 13 वर्षीय किशोरी स्कूल गई थी लेकिन शाम तक घर नहीं लौटी, जिसके बाद उसके पिता ने डासना वेव सिटी निवासी राकीब चौधरी पर बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाया और पुलिस में तहरीर दी। पुलिस ने जल्द कार्रवाई का भरोसा दिया गया है। वेव सिटी थाना क्षेत्र में एक 13 वर्षीय किशोरी के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने का मामला सामने आया है। परिजनों ने एक गैर संप्रदाय के युवक पर उनकी बेटी को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले की गम्भीरता को देखते हुए एफआईआर दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरू कर दी है। डासना वेव सिटी क्षेत्र निवासी पीड़ित पिता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी 13 वर्षीय पुत्री जो 24 फरवरी को सुबह स्कूल गई थी, देर शाम तक घर वापस नहीं लौटी। परिजनों ने अपने स्तर पर काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला। पीड़ित पिता ने शिकायत में राकीब चौधरी निवासी डासना वेव सिटी पर अपनी बेटी को बहला-फुसलाकर ले जाने की आशंका जताई है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।



एसीपी वेव सिटी प्रियाश्री पाल के अनुसार पीड़ित पिता की दी गई तहरीर के आधार पर एफआईआर दर्ज कर ली गई है। पुलिस की टीमें किशोरी की बरामदगी और आरोपी की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही हैं, जल्द गिरफ्तार कर वैधानिक कार्रवाई की जायेगी।

## संपादकीय

# एआई सम्मेलन में उत्पात

हम एक लोकतांत्रिक देश हैं, लिहाजा अभिव्यक्ति की आजादी और विरोध-प्रदर्शन हमारे संवैधानिक और मौलिक अधिकार हैं। हम प्रधानमंत्री, मंत्रियों, सरकार और नीतियों की आलोचना और विरोध कर सकते हैं, लेकिन ये अधिकार निरंकुश नहीं हैं। उनकी अपनी सीमा, समय और मयार्दाएं तय हैं। जरा संविधान के संबद्ध अध्याय को पढ़ लीजिए। ये अधिकार देश की जन-व्यवस्था को बिगाडे वाले नहीं होने चाहिए। किसी के घर में घुसकर आंदोलन खड़े नहीं किए जा सकते। युवा कांग्रेस के बेकमीज कार्यकर्ताओं ने एआई शिखर सम्मेलन में घुसकर जो उत्पात मचाया था, उसे देश ने भी खारिज किया और कांग्रेस के सहयोगी दलों ने भी मुखालफत की, नाराजगी जताई, क्योंकि यह देश के मान-सम्मान का सवाल था। प्रधानमंत्री मोदी और अमरीका के साथ व्यापार समझौते का विरोध करना था, तो पूरा देश खाली पड़ा है। राजधानी दिल्ली में ही आंदोलन-स्थल चिह्नित हैं। कांग्रेस के युवाओं ने एक वैश्विक मंच को तितर-बितर करने की कोशिश की थी। दिल्ली पुलिस ने कुछ गैर-जमानती, गंभीर धाराओं में केस दर्ज किए हैं और 8 उपद्रवी उसकी रिमांड पर हैं। कांग्रेस इन दंगाइयों को बब्बर शेर करार दे रही है और ऐसे प्रदर्शनों के लिए उकसा रही है। केस में आपराधिक साजिश, देश की अखंडता के खिलाफ, दंगे में शामिल होना और भडकाने, लोकसेवक पर हमला आदि की धाराएं लगाई गई हैं। युवा कांग्रेस के अध्यक्ष उदयभानु चिब को भी रिमांड पर लिया गया है। अब इसे व्यापार समझौता बनाम किसान बनाम प्रधानमंत्री का मुद्दा बना दिया गया है। किसान महाचौपाल की पहली रैली के लिए भोपाल चुना गया, क्योंकि मप्र में करीब 83.50 लाख किसान हैं। मप्र को सोया स्टेट कहा जाता है, जहां देश के करीब 45 फीसदी सोयाबीन का उत्पादन होता है। करीब 50 लाख किसान सोयाबीन की खेती करते हैं। दरअसल देश की हकीकत यह है कि भारत करीब 60 फीसदी सोयाबीन एवं खाद्य तेल अर्जेन्टीना से आयात करता है और 20 फीसदी तेल ब्राजील से लेते हैं। मात्र 2 फीसदी खाद्य तेल अमरीका से आयात किया जाता है। भारत दशकों से 75 फीसदी खाद्य तेल और दालें आयात करता रहा है, क्योंकि भारत में खपत इतनी है और भारतीय किसान इतना उत्पादन करने में असमर्थ है। भारत कुल 1.61 लाख करोड़ रुपए का खाद्य तेल आयात करता है। क्या इन दशकों में हिंदुस्तान नहीं बिका? या किसान खत्म नहीं हुए? नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का प्रधानमंत्री मोदी पर गंभीर आरोप है कि उन्होंने अमरीका के साथ व्यापार समझौते के जरिए हिंदुस्तान को ही बेच दिया। वस्त्र उद्योग बर्बाद कर दिया। किसानों को खत्म (सोयाबीन, कपास के संदर्भ में) कर दिया और देश का महत्वपूर्ण डाटा अमरीका को दे दिया। चूंकि राहुल गांधी लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष हैं और प्रधानमंत्री का लगातार विरोध करना ही उनका राजनीतिक दायित्व है।

# उतार-चढ़ाव के बाद सपाट बंद हुआ बाजार सेंसेक्स फिसला, निफ्टी मामूली बढ़त में



**नई दिल्ली।** हफ्ते के चौथे कारोबारी दिन यानी गुरुवार को शेयर बाजार उतार-चढ़ाव के बाद सपाट बंद हुआ। सेंसेक्स 27.46 अंक गिरकर 82,248.61अंक पर बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों वाला निफ्टी 14.05 अंक बढ़कर 25,496.55 अंक पर बंद हुआ। उतार-चढ़ाव भरे सत्र में बेंचमार्क शेयर सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी गुरुवार को सपाट बंद हुए। एचडीएफसी बैंक और अन्य ब्लू-चिप शेयरों में गिरावट देखने को मिली। इसके अलावा, अमेरिका-ईरान वार्ता से पहले निवेशकों की सतर्कता ने भी बाजार में बाजार से दूरी बनाए रखी। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 1 पैसा गिरकर 90.92 पर बंद हुआ।

सीमित दायरे में कारोबार करते हुए, 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 27.46 अंक या 0.03 प्रतिशत गिरकर 82,248.61 पर बंद हुआ। दिन के दौरान, इसने 82,579.16 का उच्च और 81,970.47 का निम्न स्तर छुआ, जिसमें 608.69 अंकों का उतार-चढ़ाव आया। वहीं एनएसई निफ्टी 14.05 अंक या 0.06 प्रतिशत बढ़कर 25,496.55 पर बंद हुआ।

**सेंसेक्स की कंपनियों का हाल**

सेंसेक्स पैक में, ट्रेंट, एटर्नल, पावर ग्रिड, एचडीएफसी बैंक, एशियन पेंट्स, अल्ट्राटेक सीमेंट, एनटीपीसी और एक्सिस बैंक सबसे अधिक गिरावट वाले शेयरों में शामिल थे। भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, सन फार्मा, अदानी पोर्ट्स, मारुति और भारती एयरटेल लाभ कमाने वाले शेयरों में शामिल थे। जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के रिसर्च हेड विनोद नायर ने कहा कि संयुक्त वैश्विक संकेतों और अमेरिका-ईरान परमाणु वार्ता से पहले बढ़ी सतर्कता के साथ-साथ अमेरिकी प्रारंभिक बेरोजगारी दावों और भारत के जीडीपी आंकड़ों सहित महत्वपूर्ण डेटा जारी होने के कारण घरेलू बाजार ने अपनी शुरूआती बढ़त खो दी, जिससे मुनाफावसूली शुरू हो गई।

ऑनलाइन ट्रेडिंग और वेल्थ टेक फर्म एनरिच मनी के सीईओ पोनमुडी आर ने कहा कि भारतीय शेयर बाजार लगभग अपरिवर्तित बंद हुए, जो शुरूआती आशावाद और सतर्क मुनाफावसूली के बीच स्पष्ट खींचतान को दशार्ता है।

प्रौद्योगिकी और धातु क्षेत्रों से मिले सकारात्मक वैश्विक संकेतों ने बाजार के खुलने पर सकारात्मक माहौल को समर्थन दिया, लेकिन जैसे-जैसे निवेशकों ने तेजी का पीछा करने के बजाय उच्च स्तर पर अपना निवेश कम करना चुना, वैसे-वैसे लाभ धीरे-धीरे कम होता गया।

### यूरोपीय बाजारों में दिखी तेजी

एशियाई बाजारों में, दक्षिण कोरिया का कोस्पी सूचकांक 3.67 प्रतिशत चढ़ गया। जापान का निक्केई 225 सूचकांक भी सकारात्मक स्तर पर बंद हुआ, जबकि शंघाई का एसएसई कंपोजिट सूचकांक और हांगकांग का हैंग सेंग सूचकांक गिरावट के साथ बंद हुए। यूरोप के बाजारों में अधिकतर तेजी देखी गई। अमेरिकी बाजार बुधवार को बढ़त के साथ बंद हुआ।

### ब्रेंट क्रूड का भाव गिरकर 70.18 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर पहुंचा

वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड में 0.95 प्रतिशत की गिरावट आई और यह 70.18 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। बाजार विनिमय आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बुधवार को 2,991.64 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने भी 5,118.57 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। बुधवार को सेंसेक्स 50.15 अंक या 0.06 प्रतिशत बढ़कर 82,276.07 पर बंद हुआ। निफ्टी 57.85 अंक या 0.23 प्रतिशत बढ़कर 25,482.50 पर स्थिर हुआ।

# पीयूष गोयल ने अमेरिका के वाणिज्य सचिव हॉवर्ड लुटनिक से की मुलाकात



**नई दिल्ली।** वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने अमेरिकी वाणिज्य सचिव हॉवर्ड लुटनिक और भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर से मुलाकात कर भारत-अमेरिका व्यापार और आर्थिक साझेदारी बढ़ाने पर चर्चा की। यह बैठक प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते के पहले चरण के मसौदे को अंतिम रूप देने के बीच हुई।

भारत और अमेरिका के बीच व्यापारिक रिश्तों को और मजबूत करने की दिशा में गुरुवार को अहम बातचीत हुई। वाणिज्य व उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बताया कि उन्होंने अमेरिकी वाणिज्य सचिव हॉवर्ड लुटनिक और भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर से मुलाकात कर द्विपक्षीय व्यापार और आर्थिक साझेदारी को विस्तार देने के मुद्दों पर सार्थक चर्चा की। पीयूष गोयल ने सोशल मीडिया पर जानकारी देते हुए कहा कि यह बैठक बेहद फलदायी रही और दोनों देशों के बीच व्यापारिक सहयोग बढ़ाने पर व्यापक विचार-विमर्श किया गया। यह बैठक ऐसे समय में हुई है जब भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते (इळअ) के पहले चरण के कानूनी मसौदे को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया जारी है। माना जा रहा है कि इस वार्ता का उद्देश्य व्यापार बाधाओं को कम करना, निवेश बढ़ाना और आपूर्ति श्रृंखला सहयोग को मजबूत करना है। उधर, अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट द्वारा पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के व्यापक टैरिफ आदेश को रद्द किए जाने के बाद अमेरिका ने सभी देशों पर 150 दिनों के लिए 10 प्रतिशत का अस्थायी टैरिफ लागू किया, उसके बाद ट्रंप ने इसे बढ़ाकर 15% कर दिया, जिसका वैश्विक व्यापार पर असर पड़ने की आशंका है। ऐसे में भारत-अमेरिका के बीच जारी व्यापार वार्ता को रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

**व्यापार विस्तार पर हुई चर्चा**

# जुलाई में डब्ल्यूटीओ में होगी भारत की व्यापार नीतियों की समीक्षा

## कस्टम्स के डिजिटल सुधारों पर फोकस



**नई दिल्ली।** डब्ल्यूटीओ में जुलाई में भारत की 8वीं व्यापार नीति की समीक्षा होगी। इससे पहले भारत ने डिजिटल कस्टम्स सुधार, ट्रेड फैसिलिटेशन एग्रीमेंट के सफल क्रियान्वयन और ह्यफेसलेस, पेपरलेसह्ण कस्टम्स सिस्टम को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत किया, जिसमें करीब 40 देशों ने रुचि दिखाई।

विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) में भारत की 8वीं व्यापार नीति की समीक्षा जुलाई में होगी। इसमें देश की व्यापार नीतियों की व्यापक सहकर्मी समीक्षा की जाएगी। वित्त मंत्रालय ने गुरुवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि इस समीक्षा से पहले भारत ने अपने डिजिटल सीमा शुल्क सुधारों और व्यापार सुविधा समझौते (टीएफए) के क्रियान्वयन को वैश्विक मंच पर प्रमुखता से प्रस्तुत किया है। वित्त मंत्रालय के अनुसार, भारत ने डब्ल्यूटीओ के टीएफए के तहत अपनी 100 प्रतिशत प्रतिबद्धताओं को तय समयसीमा में अधिसूचित कर दिया है।

### विशेष ट्रेड फैसिलिटेशन सत्र

केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर व सीमा शुल्क बोर्ड (उइकउ) के सदस्य (कस्टम्स) सुरजीत भुजबल के नेतृत्व में भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने डब्ल्यूटीओ में आयोजित विशेष ट्रेड फैसिलिटेशन सत्र में भारत के ह्यफेसलेस, कॉन्टैक्टलेस और पेपरलेस कस्टम्स इकोसिस्टम और व्यापक डिजिटलीकरण पर प्रकाश डाला। यह सत्र 24 फरवरी को आयोजित किया गया था। इसमें लगभग 40 देशों के प्रतिनिधियों और डब्ल्यूटीओ सचिवालय की सक्रिय भागीदारी रही, जो भारत के सुधारों में वैश्विक रुचि को दशार्ता है।

# एफवाई 27 में 6.8-7.2% की दर से बढ़ेगी भारत की जीडीपी विकसित भारत के लिए टैक्स कंप्लायंस पर




**नई दिल्ली।** भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए मध्यम अवधि के अनुमान सकारात्मक दिखाई दे रहे हैं। हालिया ईवाई इकोनॉमी वॉच रिपोर्ट के अनुसार, अगले वित्त वर्ष में भारत की जीडीपी वृद्धि दर 6.8 प्रतिशत से 7.2 प्रतिशत के बीच रहने की संभावना है। इसके साथ ही, रिपोर्ट में साफ किया गया है कि विकसित भारत 2047 के महत्वाकांक्षी लक्ष्य को हासिल करने के लिए देश को अपने टैक्स-जीडीपी अनुपात में वृद्धि करनी होगी, जो मुख्य रूप से कर अनुपालन में सुधार के जरिए ही संभव है।

### व्यापारिक समझौतों से अर्थव्यवस्था को मिलेगी नई रफ्तार

रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं और बड़े आर्थिक समूहों के साथ भारत के व्यापक द्विपक्षीय व्यापार समझौतों के कारण मध्यम अवधि में देश की आर्थिक संभावनाएं काफी उज्ज्वल हुई हैं।

इस संबंध में ईवाई इंडिया के चीफ पॉलिसी एडवाइजर डी.के. श्रीवास्तव ने कहा, अन्य प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के साथ भारत के व्यापक द्विपक्षीय व्यापार समझौतों की पृष्ठभूमि में, भारत की मध्यम अवधि की संभावनाएं बेहतर हुई हैं। हमारा अनुमान है कि वित्त वर्ष 2027 (FY27) में भारत की वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर 6.8 से 7.2 प्रतिशत के दायरे में रहेगी।

### टैक्स सुधार और निजी उपभोग मांग पर असर

चालू वित्त वर्ष में सरकार द्वारा किए गए प्रमुख टैक्स सुधारों का सीधा असर आम आदमी की जेब और देश की खपत पर पड़ा है। रिपोर्ट के मुताबिक :
वर्तमान वित्त वर्ष में प्रमुख कर सुधार लागू किए गए हैं, जो विशेष रूप से व्यक्तिगत आयकर और वस्तु व सेवा कर से संबंधित हैं। इन सुधारों का मुख्य लक्ष्य परिवारों की डिस्पोजेबल इनकम (खर्च योग्य आय) में वृद्धि करना था।
आय बढ़ने से बाजार में निजी उपभोग की मांग को समर्थन मिलने की उम्मीद है।

### राजस्व में कमी के बावजूद राजकोषीय घाटे पर नियंत्रण

टैक्स दरों में किए गए इन सुधारों के कारण सरकार को अपने राजस्व में एक बड़े हिस्से का त्याग करना पड़ा है। रिपोर्ट के अनुसार, इन कर सुधारों में भारत सरकार के सकल कर राजस्व का काफी बलिदान शामिल था। इन छूटों के चलते यह आशंका भी जताई गई है कि सकल कर राजस्व वित्त वर्ष 2026 के बजट अनुमानों से कम रह सकता है।

हालांकि, इस बात के स्पष्ट संकेत हैं कि सरकार अपने वित्तीय अनुशासन को बनाए रखेगी। रिपोर्ट में कहा गया है कि राजस्व में इस कमी की आशंका के बावजूद, भारत सरकार से व्यापक रूप से यह उम्मीद की जा रही है कि वह के लिए अपने तय राजकोषीय घाटे के लक्ष्य का सख्ती से पालन करेगी। बड़े पैमाने पर प्रमुख कर सुधार पहले ही किए जा चुके हैं, इसलिए अब नीतिगत फोकस का स्वरूप बदल रहा है। 'ईवाई इकोनॉमी वॉच' के आकलन से यह स्पष्ट होता है कि भविष्य में अर्थव्यवस्था की मजबूती और 'विकसित भारत 2047' के लक्ष्य की प्राप्ति अब नई कर दरों के बजाय बेहतर कर अनुपालन पर निर्भर करेगी।

## रोचक तथ्यों का करंट

- Adermatoglyphia एक बीमारी है जिसकी वजह से लोग फिंगरप्रिंट के बिना पैदा होते हैं। लेकिन यह बहुत दुर्लभ है, जो दुनिया भर में केवल चार ज्ञात विस्तारित परिवारों को ही प्रभावित करती है।
- कुवैत में दुनिया की सबसे पुरानी फिंगरप्रिंट पाषाण युग से मेल खाने वाले टूटे हुए मिट्टी के बर्तन के टुकड़े पर खोजी गई थी। यह फिंगरप्रिंट 7,300 साल पुराना है।
- क्या आप जानते हैं? ऐप्पल का आईफोन टच आईडी एक जीवित और मृत व्यक्ति के फिंगरप्रिंट के बीच एक अंतर बता सकती है, इसलिए यदि आप मर चुके हैं तो कोई भी आपकी टच आईडी का उपयोग करके अपने आईफोन में नहीं पहुंच पाएगा।
- अपराध दृश्य फिंगरप्रिंट धूल कई स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बनता है, यहां तक कि कैंसर भी हो जाता है।
- एक हैकर एक तस्वीर से जर्मन रक्षा मंत्री के फिंगरप्रिंट को फिर से बनाने में सक्षम था। यह वही हैकर है जिसने आईफोन 5 एस के रिलीज के 24 घंटे के भीतर ऐप्पल के थंबप्रिंट सत्यापन को हरा दिया था।

## राशिफल

**मेष :** आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। ऑफिस के काम में आपको थोडी दिक्कतें आ सकती हैं, लेकिन आप धैर्य रखें। काम समय से पूरे होंगे।

**वृष :** वृषभ राशि वालों के लिए छोटे समझौते करना फायदेमंद होगा। दांपत्य जीवन जी रहे लोगों के लिए आज काफी अच्छा समय रहेगा।

**मिथुन :** आज का दिन किसी सुखद और आनंद आनंद दायक यात्रा की ओर इशारा कर रहा है। इस यात्रा से आपके अच्छे संपर्क बनेंगे।

**कर्क :** आज आपका दिन सामान्य रहेगा। माता-पिता अपने बच्चों के साथ कहीं आस-पास पिकनिक स्पॉट पर जाने का मन बनायेंगे।

**सिंह :** आपके लिए आज का दिन सामान्य रहेगा। आपको पैसों का लाभ होगा। अपना उत्साह बनाए रखें क्योंकि इसी से आपकी सारी परेशानियां खत्म हो सकेंगी।

**कन्या :** आज के दिन अपने स्वास्थ्य का पूरा ध्यान रखें। स्वास्थ्य तथा अन्य गतिविधियों पर आपके खर्चे बढ़ेंगे, जिसका असर आपकी जेब पर पड़ सकता है।

**तुला :** आज आपका दिन सामान्य रहेगा। आपके कुछ खास काम बनते-बनते अटक सकते हैं। कारोबार में आ रही समस्याएं खत्म होंगी।

**वृश्चिक :** आज आपको कुछ अहम फैसले लेने पड़ेंगे। मेहनत और लगन पूर्वक कार्य करने से आज अच्छी सफलता मिलेगी। मेहनत पर भरोसा करना आप सीखें।

**धनु :** दिन सावधानीपूर्वक रहने के लिए है, थोड़ा ध्यान रखें। अचानक से भाग्य की वृद्धि होगी और कुछ बढ़िया काम बन जाएंगे अचानक से धन लाभ हो सकता है।

**मकर :** आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। आप जिस भी काम को करना चाहेंगे, वो काम बड़े आसानी से पूरा हो जायेगा।

**कुंभ :** कुंभ राशि वाले आज ऊपरी अधिकारियों से बात करते समय विवेक रखें। कार्यक्षेत्र में आपको कुछ बाधाओं का सामना करना पड़ सकता है।

**मीन :** आज दांपत्य जीवन के लिहाज से थोड़ा कमजोर रहेगा क्योंकि किसी खास बात को लेकर आप दोनों में विचार-विमर्श होगा और आपके विचार नहीं मिलेंगे।

## चुटकुले

पल्स पोलियो टीम घर आई...
चीकू- बंदूक और कारतूस कहां हैं?
सुनकर टीम भाग गई...
पीछे से टीटू ने आवाज दी,
रुको, रुको
ये हमारे बच्चों के नाम हैं।

---

एक युग था जब लोग अपने घर के दरवाजे पर लिखते थे- 'अतिथि देवो भव',
फिर लिखा- शुभ लाभ,
फिर लिखा- यू आर वेलकम,
और अब- कुत्तों से सावधान।

---

टिल्लू- बाबा, दाहिने हाथ में खुजलाहट है,
बाबा- वत्स, लक्ष्मी आने वाली हैं,
टिल्लू- दाएं पैर में भी खुजलाहट है,
बाबा- यात्रा योग बन रहा,
टिल्लू- पेट पर भी खुजलाहट है,
बाबा- उत्तम भोजन की प्राप्ति होगी,
टिल्लू- गर्दन पर भी खुजलाहट है,
बाबा- दूर हट, तुझे खुजली की बीमारी है।

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)



# हरमनप्रीत की कप्तानी में दांव पर ओडीआई सीरीज ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हर हाल में जीत जरूरी

**नई दिल्ली।** पहले वनडे में बल्लेबाजी में विफल रहने के बाद भारतीय महिला क्रिकेट टीम के लिए ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरा मैच 'करो या मरो' का हो गया है, श्रृंखला में बने रहने के लिए भारत को हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी। कप्तान हरमनप्रीत कौर और स्मृति मंधाना के अलावा अन्य बल्लेबाजों को भी महत्वपूर्ण योगदान देना होगा ताकि टीम एक मजबूत स्कोर बना सके।

मौजूदा विश्व चैंपियन भारत को पहले मैच में बुरी तरह हारने के बाद ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैच की वनडे श्रृंखला को अगर जीवंत रखना है तो उसे शुक्रवार को यहां होने वाले दूसरे महिला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में बल्लेबाजी में बेहतर प्रदर्शन करना होगा। टी20 श्रृंखला 2-1 से जीतने के बाद भारतीय टीम वनडे श्रृंखला की अच्छी शुरूआत नहीं कर पाई और ब्रिस्बेन में खेले गए पहले मैच में छह विकेट से हार गई।



भारतीय महिला टीम ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ कभी भी द्विपक्षीय वनडे श्रृंखला नहीं जीती है। इस प्रारूप में इन दोनों देशों के बीच खेली गई श्रृंखलाओं में ऑस्ट्रेलिया का दबदबा रहा है। दोनों टीमों के बीच अभी तक 11 द्विपक्षीय वनडे श्रृंखला खेली गई हैं जिनमें सभी में ऑस्ट्रेलिया ने जीत हासिल की।

इनमें 2024 में 3-0 से और सितंबर 2025 में 2-1 से जीत भी शामिल है। लेकिन भारत 2025 में महिला वनडे विश्व कप के सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया पर मिली पांच विकेट की जीत से प्रेरणा लेने की कोशिश करेगा।

वर्तमान श्रृंखला के पहले मैच में भारतीय बल्लेबाज ऑस्ट्रेलिया की चुनौती का सामना करने में नाकाम रहे और पूरी टीम केवल 214 रन पर आउट हो गई। उप-कप्तान स्मृति मंधाना (58), कप्तान हरमनप्रीत कौर (53) और कासवी गौतम (43) को छोड़कर कोई भी अन्य भारतीय बल्लेबाज बड़ी पारियां नहीं खेल सका। वे ऑस्ट्रेलिया की अनुशासित गेंदबाजी के सामने संघर्ष करते हुए नजर आए। प्रतिका रावल पारी की शुरूआत करते हुए खाता भी नहीं खोल पाई।

# टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 1,000 रन और 100 विकेट लेने वाले छठे खिलाड़ी बने मिचेल

**कोलंबो।** न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सैंटनर टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 1,000 रन और 100 विकेट लेने वाले छठे खिलाड़ी बन गए हैं। श्रीलंका के खिलाफ सुपर-8 मुकाबले में उनकी 47 रन की अहम पारी ने टीम को 168/7 तक पहुंचाया। सैंटनर इस उपलब्धि को हासिल करने वाले पहले कीवी खिलाड़ी भी हैं।





न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सैंटनर टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 1,000 रन और 100 विकेट निकालने वाले आईसीसी के पूर्ण सदस्य देश के छठे खिलाड़ी बन गए हैं। वह इस मुकाम को हासिल करने वाले पहले कीवी खिलाड़ी भी हैं।

टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में आईसीसी के पूर्ण सदस्य देश की तरफ से अब तक सिर्फ छह ही खिलाड़ी 1,000 रन बनाने के साथ 100 विकेट हासिल कर सके हैं। इनमें सैंटनर के अलावा, शाकिब अल हसन, मोहम्मद नबी, सिकंदर रजा, हार्दिक पांड्या और शादाब खान का नाम शामिल है।

आर प्रेमदासा स्टेडियम में खेले जा रहे इस मुकाबले में टॉस गंवाकर बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड की टीम ने सात विकेट खोकर 168 रन बनाए। टिम सीफर्ट ने फिन एलन के साथ 3.1 ओवरों में 30 रन की साझेदारी की। एलेन 13 गेंदों में चार बाउंड्री के साथ 23 रन बनाकर आउट हुए। अगले ही ओवर में टिम सीफर्ट (8) भी पवेलियन लौट गए।

कीवी टीम ने 34 के स्कोर तक अपने दोनों सलामी बल्लेबाजों के विकेट खो दिए थे, लेकिन यहां से ग्लेन फिलिप्स ने रचिन रवींद्र के साथ तीसरे विकेट के लिए 41 रन की साझेदारी करते हुए टीम को 75 के स्कोर तक पाहु ंचााया। फिलिप्स 18 रन बनाकर पवेलियन लौटे। यहां से टीम ने 84 के स्कोर तक अपने छह विकेट खो दिए। इसके बाद कप्तान सैंटनर ने मोर्चा संभाला। उन्होंने कोल मैककोन्ची के साथ 84 रन की साझेदारी करते हुए टीम को चुनौतीपूर्ण स्कोर तक पहुंचाया। सैंटनर ने 47 रन टीम के खाते में जोड़े, जबकि कोल ने 23 गेंदों में पांच बाउंड्री के साथ 31 रन बनाए। श्रीलंका की तरफ से महेश तीक्षणा और दुष्मंथा चमीरा ने तीन-तीनविकेट निकाले। एक विकेट दुनिथ वेलालगे ने हासिल किया।

# टी-20 सीरीज के लिए कुवैत ने किया टीम का ऐलान, कैप्टेन अहमद अल-अजीज करेंगे नेतृत्व

**हॉन्गकॉन्ग।** क्रिकेट की दुनिया में अब सिर्फ बड़े नाम ही नहीं, बल्कि उभरते हुए सितारे भी अपनी चमक बिखेर रहे हैं। साल 2026 की शुरूआत हॉन्गकॉन्ग में होने वाली रोमांचक टी20 सीरीज से हो रही है, और इसके लिए कुवैत की नेशनल क्रिकेट टीम ने अपनी कमर कस ली है। कुवैत ने अपनी टीम का ऐलान कर दिया है, जिसमें अनुभव का तड़का भी है और युवाओं का जोश भी।

कुवैत के लिए यह दौरा सिर्फ एक सीरीज नहीं, बल्कि इंटरनेशनल क्रिकेट के नक्शे पर अपनी धाक जमाने का एक सुनहरा मौका है। आइए देखते हैं कि इस बार कुवैत की टोली में कौन-कौन से 'मैच विनर' शामिल हैं। कुवैत के सिलेक्टर्स ने इस बार काफी सोच-समझकर ऐसी टीम चुनी है जो किसी भी परिस्थिति में गियर बदल सके। यहाँ उन 5 खिलाड़ियों का जिक्र जरूरी है जो गेम पलट सकते हैं:

**हॉन्गकॉन्ग में होने वाली टी20 सीरीज 2026 के लिए कुवैत की 'ब्लू ब्रिगेड' ने अपनी टीम का ऐलान कर दिया है, जिसका लक्ष्य अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपनी धाक जमाना है। कप्तान अहमद अल-अजीज के नेतृत्व में टीम के प्रमुख खिलाड़ी इस दौरे को कुवैती क्रिकेट के लिए ऐतिहासिक बनाने के इरादे से उतरेंगे।**



कैप्टन अहमद अल-अजीज : टीम की कमान अहमद के हाथों में है। अपनी आक्रामक बल्लेबाजी और चतुर कप्तानी के लिए मशहूर अहमद दबाव में निखरना जानते हैं। टीम को उनसे एक कप्तानी पारी की उम्मीद रहेगी।

फैसल अल-सालेमः विकेट के पीछे मुस्तैद और बल्ले से विस्फोटक! फैसल टी20 फॉर्मेट के माहिर खिलाड़ी हैं। मुश्किल वक्त में रन चुराना और मैच को फिनिश करना उनकी खासियत है।

## इस दौरे का क्या है महत्व

कुवैत के लिए हॉन्गकॉन्ग जाना सिर्फ मैच खेलना नहीं है। यह एक प्लेटफॉर्म है जहाँ वे दुनिया को दिखा सकते हैं कि उनकी क्रिकेट किस लेवल पर पहुँच चुकी है। अंतरराष्ट्रीय टीमों के खिलाफ खेलकर जो अनुभव मिलता है, वह खिलाड़ियों के आत्मविश्वास को सातवें आसमान पर ले जाता है। टीम पिछले कई हफ्तों से कड़े ट्रेनिंग सेशन से गुजर रही है। कोच और सपोर्ट स्टाफ का पूरा जोर फिटनेस, नई रणनीतियों और टीम बॉन्डिंग पर है। टी-20 जैसे तेज फॉर्मेट में 'एडैप्टेबिलिटी' (तालमेल बिठाना) ही जीत की कुंजी है। क्रिकेट फैंस और कुवैत के समर्थक उम्मीद लगाए बैठे हैं कि यह दौरा कुवैती क्रिकेट के इतिहास में एक नया अध्याय लिखेगा। अगर खिलाड़ी अपनी योजना के मुताबिक खेल पाए, तो हॉन्गकॉन्ग में कुवैत का झंडा बुलंद होना तय है।

तारिक अल-खाल्दी : हर टीम को एक ऐसे ऑलराउंडर की तलाश होती है जो गेंद और बल्ले दोनों से कमाल कर सके। तारिक टीम को वो बैलेंस देते हैं जिसकी टी20 में सख्त जरूरत होती है।

जैद अल-मंसूरी : रफ्तार के सौदागर! जैद अपनी स्विंग और पेस से विपक्षी बल्लेबाजों के स्टंप्स बिखेरने के लिए तैयार हैं। डोमेस्टिक क्रिकेट में आग उगलने के बाद अब वे इंटरनेशनल लेवल पर जलवा दिखाने को बेताब हैं।

ओमर अल-फहद : स्पिन का जादूगर। अगर हॉन्गकॉन्ग की पिच ने थोड़ा भी साथ दिया, तो ओमर अपनी फिरकी में बड़े-बड़े बल्लेबाजों को फंसा सकते हैं। उनका कंट्रोल और वेरिएशन टीम के लिए ट्रंप कार्ड साबित हो सकता है।

# प्राग अंतरराष्ट्रीय शतरंज प्रतियोगिता में गुकेश और नीमन का मैच ड्रॉ

**प्राग।** नीमन ने आक्रामक रुख अपनाया और 13वीं चाल पर ही एक मोहरे का बलिदान कर दिया, जिससे सफेद मोहरों से खेलने के बावजूद गुकेश बैकफुट पर आ गये।

विश्व चैंपियन डी गुकेश ने मिडिल गेम में कुछ तनावपूर्ण क्षणों से गुजरने के बाद प्राग अंतरराष्ट्रीय शतरंज महोत्सव के मास्टर्स वर्ग के पहले दौर में अमेरिका के हैंस मोके नीमन के साथ ड्रॉ खेला। गुकेश सफेद मोहरों से खेल रहे थे लेकिन नीमन ने बर्लिन डिफेंस अपनाया। दोनों खिलाड़ियों के बीच रोमांचक मुकाबले की यह अच्छी शुरूआत थी।

नीमन ने आक्रामक रुख अपनाया और 13वीं चाल पर ही एक मोहरे का बलिदान कर दिया, जिससे सफेद मोहरों से खेलने के बावजूद गुकेश बैकफुट पर आ गये। अमेरिकी खिलाड़ी ने इसके बाद हावी होने की कोशिश की लेकिन भारतीय खिलाड़ी ने भी अच्छा खेल दिखाया और आखिर में बाजी ड्रॉ करने में सफल रहा।



भारत के मौजूदा चैंपियन अरविंद चिदंबरम काले मोहरों से खेल रहे थे और उन्हें पहले दौर में उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसात्तोरोव से हार का सामना करना पड़ा। अब्दुसत्तोरोव के हमनाम और हमवतन नोदिरबेक याकुब्बोएव ने स्पेन के डेविड एंटोन गुज्जरो को जबकि स्थानीय खिलाड़ी नवारा डेविड ने ईरान के परहम मगसूदलू को हराया। चैलेंजर्स वर्ग में महिला विश्व कप विजेता दिव्या देशमुख ने हंगरी के शीर्ष वरीयता प्राप्त बेंजामिन ग्लेडुरा के साथ ड्रॉ खेला, लेकिन सूर्य शेखर गांगुली को नीदरलैंड के थॉमस बीर्डसेन के हाथों हार का सामना करना पड़ा।

# टी-20 विश्वकप से बाहर हुआ मेजबान श्रीलंका, न्यूजीलैंड ग्रुप-2 में दूसरे स्थान पर, पाक की राह हुई कठिन

**कोलंबो।** न्यूजीलैंड ने बुधवार को श्रीलंका के खिलाफ आर प्रेमदासा स्टेडियम में खेले गए टी20 विश्व कप 2026 के सुपर-8 मुकाबले में 61 रन से जीत दर्ज की। इस हार के साथ श्रीलंकाई टीम खिताबी दौड़ से बाहर हो गई है।

मिचेल सैंटनर और कोल मैककोन्की की अर्धशतकीय साझेदारी के बाद रचिन रवींद्र की शानदार गेंदबाजी के दम पर न्यूजीलैंड ने टी20 विश्व कप 2026 की सह-मेजबान श्रीलंका टीम को 61 रन से हरा दिया। इसी के साथ श्रीलंका का सफर टूनार्मेंट में समाप्त हो गया। अब टीम अपना आखिरी मुकाबला पाकिस्तान से खेलेगी। बुधवार को कोलंबो में खेले गए मुकाबले में न्यूजीलैंड ने 20 ओवर में सात विकेट पर 168 रन बनाए। जवाब में श्रीलंका की टीम निर्धारित ओवरों में आठ विकेट पर सिर्फ 107 रन ही बना सकी और मुकाबला हार गई।



**श्रीलंका की उम्मीदें खत्म, पाकिस्तान का सफर भी समाप्त**

सुपर-8 मुकाबले में जीत के साथ न्यूजीलैंड ग्रुप-2 की अंक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गया। उसके खाते में 3 अंक और नेट रन रेट +3.050 हो गया। वहीं, इंग्लैंड चार अंक लेकर शीर्ष पर है। अब न्यूजीलैंड को सुपर-8 में अपना आखिरी मुकाबला इंग्लैंड से शुक्रवार को खेलना है। श्रीलंका की टीम लगातार दो मैचों में शिकस्त झेलने के बाद आखिरी पायदान पर पहुंच गई। वहीं, पाकिस्तान फिलहाल एक अंक और -0.461 के नेट रन रेट के साथ तीसरे स्थान पर है। सलमान आगा की टीम को अपना आखिरी मुकाबला 28 फरवरी को खेलना है। पाकिस्तान अगर यह मैच जीत भी लेता है तो हद से हद तीन अंक हासिल कर पाएगा, लेकिन नेट रन रेट में न्यूजीलैंड उससे बाजी मार लेगा और सेमीफाइनल के लिए क्वालिफाई कर लेगा।

**न्यूजीलैंड की पारी**

टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड ने 7 विकेट पर 168 रन बनाए। टीम को टिम सीफर्ट और फिन एलन ने तेज शुरूआत दिलाई और 3.1 ओवर में 30 रन जोड़े। एलन 23 और सीफर्ट 8 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद ग्लेन फिलिप्स और रचिन रवींद्र ने पारी को संभाला। दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 41 रन जोड़े। रचिन ने 22 गेंदों में 32 रन बनाए।

# पिछले पांच संस्करण में नॉकआउट स्टेज में भी नहीं पहुंच पाई श्रीलंका क्रिकेट टीम

**कोलंबो।** मेजबान श्रीलंका टी20 विश्वकप 2026 के सुपर-8 राउंड से बाहर होने वाली पहली टीम बन गई। न्यूजीलैंड से 61 रन की हार के बाद उसके सेमीफाइनल के सभी रास्ते बंद हो गए। 2014 में चैंपियन बनने के बाद से टीम पिछले पांच संस्करणों में नॉकआउट चरण तक नहीं पहुंच पाई है। कप्तान दासुन शनाका ने घरेलू दर्शकों को निराश करने पर मायूसी जताई और बल्लेबाजों से अधिक जिम्मेदारी लेने की अपील की।

मेजबान श्रीलंका टी20 विश्वकप 2026 के सुपर-8 राउंड से बाहर होने वाली पहली टीम बनी। न्यूजीलैंड के खिलाफ 61 रन की बड़ी हार ने सेमीफाइनल में पहुंचने के उसके सभी रास्तों को बंद कर दिया। ग्रुप स्टेज में श्रीलंका का प्रदर्शन शानदार रहा था। उसने आयरलैंड, ओमान और फिर ऑस्ट्रेलिया को हराकर दबदबा बनाया। हालांकि, पिछले तीन मैचों में टीम जीत की पटरी से उतर गई। जिम्बाब्वे और इंग्लैंड के बाद न्यूजीलैंड से शिकस्त के बाद टीम सेमीफाइनल की रेस से बाहर हो गई। 2014 टी20 विश्वकप के बाद से श्रीलंका का सफर इस टूनार्मेंट में अच्छा नहीं रहा है।



**2014 में श्रीलंकाई टीम बनी थी चैंपियन**

2014 टी20 विश्वकप में दिनेश चांदीमल और लसिथ मलिंगा की अगुआई में महेला जयवर्धने और कुमार संगकारा जैसे दिग्गजों से सजी टीम चैंपियन बनी थी। इसके बाद से टीम का सफर इस टूनार्मेंट में कुछ खास नहीं रहा है। इसके बाद लगातार पांच बार श्रीलंकाई टीम सेमीफाइनल या नॉकआउट में पहुंचने से पहले ही बाहर हुई है।

**श्रीलंका का 2014 से पहले का हाल**

बात अगर 2014 में चैंपियन बनने से पहले की करें तो भी श्रीलंका का प्रदर्शन बेहद कंसिस्टेंट रहा था। 2014 से पहले श्रीलंका की टीम चार संस्करणों में से तीन में नॉकआउट राउंड में पहुंची थी। इनमें से दो फाइनल शामिल हैं। 2007 में श्रीलंकाई टीम सुपर-8 से बाहर हुई थी। 2009 और 2012 में श्रीलंकाई टीम उपविजेता रही थी। 2010 में श्रीलंका की टीम सेमीफाइनल तक पहुंची थी।

**खिताबी रेस से बाहर होने पर श्रीलंकाई कप्तान मायूस**

न्यूजीलैंड के हाथों 61 रन से हार के बाद कप्तान दासुन शनाका निराश हैं। उनका मानना है कि घरेलू दर्शकों को निराश करना वाकई बहुत शर्मनाक होता है।

बुधवार को आर प्रेमदासा स्टेडियम में न्यूजीलैंड ने सात विकेट खोकर 168 रन बनाए। इस पारी में कप्तान मिचेल सैंटनर (47) और कोल मैककोन्ची (नाबाद 31) के बीच 84 रन की साझेदारी हुई। इसके जवाब में श्रीलंकाई टीम 20 ओवरों में आठ विकेट खोकर 107 रन ही बना सकी।

# भारत को सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए क्या करना होगा, पाकिस्तान लगाएगा आखिरी दांव

**नई दिल्ली।** टी-20 विश्व कप 2026 के सुपर-8 चरण में भारत और पाकिस्तान दोनों की सेमीफाइनल राह मुश्किल हो गई है। भारत को जिम्बाब्वे और वेस्टइंडीज के खिलाफ बड़े अंतर से जीत दर्ज करनी होगी, जबकि पाकिस्तान को श्रीलंका पर बड़ी जीत के साथ इंग्लैंड से न्यूजीलैंड की हार की दुआ करनी होगी। नेट रन रेट (ठफफ) निर्णायक भूमिका निभाएगा।

टी20 विश्वकप 2026 अब एक रोमांचक मोड़ पर पहुंच चुका है। सुपर-8 चरण के आखिरी कुछ मैच बचे हैं। सेमीफाइनल में पहुंचने की जंग दिलचस्प हो चली है। यह जंग कितनी मुश्किल है, इसका अंदाजा आप इस बात से ही लगा सकते हैं कि सुपर-8 राउंड के छह मैचों के बाद अब तक सिर्फ एक ही टीम सेमीफाइनल में पहुंच सकी है। इंग्लैंड की सीट पक्की हो चुकी है। वहीं, तीन अन्य जगहों के लिए अभी पांच टीमों के बीच टक्कर है। सुपर-8 ग्रुप-1 से अभी तक किसी टीम ने सेमीफाइनल के लिए क्वालिफाई नहीं किया है, जबकि ग्रुप-2 से इंग्लैंड की टीम क्वालिफाई कर चुकी है।



टीम इंडिया भी सुपर-8 राउंड में जूझ रही है। दरअसल, सुपर-8 चरण में भारत की शुरूआत ही बेहद खराब रही। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 76 रन की करारी हार ने भारतीय टीम को मुश्किल हालात में ला खड़ा किया है। कप्तान सूर्यकुमार की अगुवाई वाली टीम का नेट रन रेट -3.800 तक गिर गया है। गुरुवार यानी 26 फरवरी को दो बड़े मुकाबले हैं। पहला मैच दक्षिण अफ्रीका बनाम वेस्टइंडीज दोपहर तीन बजे से और फिर शाम सात बजे से भारत बनाम जिम्बाब्वे। दक्षिण अफ्रीका बनाम वेस्टइंडीज मैच से ही काफी हद तक ग्रुप-1 की तस्वीर साफ हो जाएगी।

**समीकरण नंबर-1: द. अफ्रीका वेस्टइंडीज को हरा दे**

अगर दक्षिण अफ्रीका, वेस्टइंडीज को हरा देता है और भारत जिम्बाब्वे को मात दे देता है, तो अफ्रीकी टीम चार अंकों के साथ सेमीफाइनल में पहुंच जाएगी। तब भारत और वेस्टइंडीज के बीच अगला मुकाबला वर्चुअल क्वार्टरफाइनल बन जाएगा। उस मैच का विजेता सीधे सेमीफाइनल में पहुंच जाएगा, चाहे नेट रन रेट कुछ भी हो। यह भारत के लिए सबसे सरल रास्ता है, जीतते जाओ और आगे बढ़ो।

## फिलहाल ग्रुप-1 और ग्रुप-2 की अंकतालिका इस प्रकार है

| टीम | मैच | जीत | हार | बेनतीजा | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| वेस्टइंडीज | 1 | 1 | 0 | 0 | 2 | +5.350 |
| द. अफ्रीका | 1 | 1 | 0 | 0 | 2 | +3.800 |
| भारत | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | -3.800 |
| जिम्बाब्वे | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | -5.350 |

अगर वेस्टइंडीज दक्षिण अफ्रीका को हरा देता है और भारत जिम्बाब्वे पर जीत दर्ज करता है, तो विंडीज के चार अंक हो जाएंगे, जबकि भारत और दक्षिण अफ्रीका के दो-दो अंक होंगे। ऐसे में भारत को वेस्टइंडीज के खिलाफ बड़ी जीत दर्ज करनी होगी, ताकि उसका नेट रन रेट बेहतर हो सके। साथ ही भारत को यह भी उम्मीद करनी होगी कि जिम्बाब्वे, दक्षिण अफ्रीका को हरा दे या दक्षिण अफ्रीका बहुत मामूली अंतर से जीते, ताकि नेट रन रेट बहुत न बढ़े और भारत से बेहतर हो जाए। यहां सेमीफाइनल की टिकट पूरी तरह गणित और रन रेट पर निर्भर करेगी। ये रास्ता कठिन है।

**समीकरण नंबर-3: हार मतलब लगभग बाहर**

अगर भारत जिम्बाब्वे से हार जाता है, तो उसकी स्थिति बेहद कमजोर हो जाएगी। हालांकि, तकनीकी रूप से मौका बचा रहेगा, लेकिन उसे वेस्टइंडीज को भारी अंतर से हराना होगा और बाकी मैचों के नतीजों पर निर्भर रहना पड़ेगा। स्पष्ट है कि जिम्बाब्वे के खिलाफ मुकाबला भारत के लिए 'करो या मरो' जैसा है। इसके बाद भारत को यह उम्मीद करनी होगी कि दक्षिण अफ्रीका, वेस्टइंडीज और जिम्बाब्वे दोनों को हरा दे। फिर भारत की वेस्टइंडीज पर बड़े अंतर से जीत ही रास्ता खोलेगी। ऐसी स्थिति में दक्षिण अफ्रीका के छह अंक हो जाएंगे, जबकि भारत, वेस्टइंडीज और जिम्बाब्वे के दो-दो अंक होंगे। तब सेमीफाइनल में जगह उसी टीम को मिलेगी, जिसका नेट रन रेट सबसे बेहतर होगा।

**ग्रुप-2 में पाकिस्तान की हालत पतली:** दूसरी ओर ग्रुप-2 में पाकिस्तान की राह और भी कठिन हो गई है। न्यूजीलैंड ने श्रीलंका को 61 रन से हराकर अपने सेमीफाइनल के दावे को मजबूत किया। इस मैच में रचिन रवींद्र ने 27 रन देकर चार विकेट लिए और शानदार गेंदबाजी की।

# दक्षिण अफ्रीका का मिनी आईपीएल बनी एसए-20 लीग

**नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका की घरेलू टी20 लीग रअ20 न केवल देश की क्रिकेट टीम के शानदार प्रदर्शन की वजह बन रही है, बल्कि पर्यटन और रोजगार को बढ़ावा देकर अर्थव्यवस्था को भी मजबूत कर रही है। भारतीय मालिकों वाली टीमों के कारण यह लीग विशेष रूप से भारतीय पर्यटकों को आकर्षित कर रही है, जिसके लिए स्थानीय पर्यटन एजेंसियां खास मार्केटिंग अभियान चला रही हैं।

दक्षिण अफ्रीका के मौजूदा आईसीसी टी20 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन का श्रेय काफी हद तक घरेलू टी20 लीग एसए20 को भी जाता है जिसने देश में क्रिकेट के पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने के अलावा रोजगार के अवसर पैदा किए और पर्यटन को भी बढ़ावा दिया है। जनवरी 2023 में शुरू हुई इस लीग के चार सत्र के दौरान ही दक्षिण अफ्रीकी टीम ने क्रिकेट के मैदान पर कई शानदार नतीजे हासिल किए जिसमें आईसीसी टी20 विश्व कप 2024 के फाइनल में पहुंचना और 2025 में ऑस्ट्रेलिया को हराकर आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का खिताब जीतना भी शामिल है।

**दक्षिण अफ्रीका की टीम अब तक अजेय :** भारत और श्रीलंका में चल रहे मौजूदा आईसीसी टी20 विश्व कप में भी दक्षिण अफ्रीका की टीम अब तक अजेय है।

इस लीग की सभी छह टीम एमआई केपटाउन, पार्ल रॉयल्स, जोबर्ग सुपरकिंग्स, डरबन सुपर जाइंट्स, प्रिटोरिया कैपिटल्स और सनराइजर्स ईस्टर्न केप के मालिक भारतीय हैं और ऐसे में लीग की नजरें स्थानीय पर्यटकों के अलावा भारतीय पर्यटकों पर भी टिकी हैं।

अपने प्राकृतिक सौंदर्य के लिए मशहूर केपटाउन और वेस्टर्न केप की पर्यटन, उद्योग और निवेश को बढ़ावा देने वाली आधिकारिक एजेंसी वेसग्रो ने भी एसए20 की लोकप्रियता को भुनाकर पर्यटकों को आकर्षित करने की योजना बनाई है।

27 Feb -26 page 6 26-02-2026 22:29 Page 1






लोनी के विकास को मिली रफ्तार

# विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने किया 5 करोड़ रुपए की सड़क और नहर सफाई कार्य का शुभारंभ

**जलभराव से मिलेगी मुक्ति और जिंदल रोड से सुधरेगी डीएलएफ की कनेक्टिविटी, क्षेत्र को आदर्श विधानसभा बनाने का संकल्प**

**लोनी, करंट क्राइम।** लोनी विधानसभा क्षेत्र के विकास कार्यों को गति देते हुए नंदकिशोर गुर्जर ने गुरुवार को लोनी-बेहटा नहर की सफाई कार्य का सभासद रोहित चौहान के कार्यालय के पास संगम विहार एवं डीएलएफ की लाइफलाइन सड़क जिंदल रोड़ का डीएलएफ में निर्माण कार्य का विधिवत शुभारंभ किया।

इस दौरान स्थानीय लोगों ने कहा लंबे समय से आसपास के दर्जनों वार्डों में जलभराव की समस्या से लोग परेशान थे। नहर की सफाई के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति से जलनिकासी बेहतर होगी, जलभराव की समस्या से राहत मिलेगी और क्षेत्र की स्वच्छता में सुधार होगा। वही विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने बहुप्रतीक्षित डीएलएफ क्षेत्र में जिंदल रोड निर्माण कार्य का भी शुभारंभ किया। यह मार्ग



5 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से निर्मित किया जाएगा, जिससे स्थानीय नागरिकों को सुगम, सुरक्षित एवं तेज आवागमन की सुविधा मिलेगी। सड़क निर्माण से क्षेत्र की कनेक्टिविटी मजबूत होगी और व्यापारिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा।

इस अवसर पर विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने कहा ह्लोनी विधानसभा क्षेत्र का सर्वांगीण विकास हमारी प्राथमिकता है। बेहटा नहर की सफाई से पुरानी जलभराव की समस्या से राहत मिलेगी, वहीं डीएलएफ में जिंदल रोड के निर्माण से क्षेत्रवासियों को बेहतर सड़क सुविधा मिलेगी। हम जनता से किए गए हर वादे को चरणबद्ध तरीके से पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं और आने वाले समय में लोनी आदर्श विधानसभा बनेगी।

कार्यक्रम के दौरान स्थानीय सभासद रोहित चौहान, रोहित भारद्वाज अध्यक्ष सभासद दल, अमित तोमर, टीटू भाटी, पूर्व सदस्य रेल मंत्रालय ठाकुर विजय बहादुर सिंह, विशाल धामा, दिनेश चौहान, सुधीर शर्मा, प्रशांत ठाकुर, जीडीए के अधिकारी राजीव सिंह एक्सन, ऐई विनोद कटारिया, जेई राजेश मिश्रा, एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे और विकास कार्यों के लिए विधायक का आभार व्यक्त किया।

## लेखपाल संघ शाखा मोदीनगर का विधिवत चुनाव संपन्न



**मोदीनगर, करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ शाखा मोदीनगर के चुनाव शांतिपूर्ण व विधिवत ढग से संपन्न हुआ। चुनाव उपरान्त कार्यकारण का गठन किया गया। जिला अध्यक्ष संजय कुमार, जिला सचिव मनीष मिश्रा द्वारा तहसील लोनी के तहसील अध्यक्ष व मंत्री को तहसील मोदीनगर में चुनाव कराने की जिम्मेदारी सौंपी गई। कुल 28 लेखपालों ने मतदान में हिस्सा लिया। जिसमें अध्यक्ष अमित ठाकुर को 17 मत मिले व गौरव भारद्वाज को कुल 08 मत व राजन लेखपाल को 03 मत मिले। इस प्रकार तहसील सचिव पद के लिए मोहित शर्मा को 11 मत व मोनिका को 09 मत मिले, विनोद को 05 मतए, विकास त्यागी को 03 मत मिले। शेष पदों पर निर्विरोध चुने गयें। लेखपालों ने निर्वाचितों को बधाई दी।

## पार्षद राधेश्याम त्यागी ने किया पानी की नई पाइपलाइन का उद्घाटन

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम वार्ड 57, मकनपुर के निवासियों के लिए क्षेत्र में पिछले लंबे समय से बनी पानी की समस्या को जड़ से खत्म करने के लिए पार्षद राधेश्याम त्यागी ने 4400 मीटर लंबी नई पाइपलाइन परियोजना का विधिवत उद्घाटन किया। इस पहल से वार्ड के सैकड़ों परिवारों को अब स्वच्छ और नियमित जल आपूर्ति मिल सकेगी।





दशकों पुरानी समस्या का हुआ अंत मकनपुर वार्ड 57 के नागरिक लंबे समय से पानी की कमी और अनियमित सप्लाई से जूझ रहे थे। स्थानीय निवासियों की इस जायज मांग को प्राथमिकता पर रखते हुए पार्षद राधेश्याम त्यागी ने इस बड़ी परियोजना को धरातल पर उतारा। नई पाइपलाइन बिछने से जल संचय और दबाव की समस्या का भी समाधान हो गया है।

जनता की सेवा ही मेरी प्राथमिकता : उद्घाटन समारोह के दौरान पार्षद राधेश्याम त्यागी ने क्षेत्रवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि, ह्पानी जैसी मूलभूत सुविधा हर नागरिक का अधिकार है। जनता ने मुझे सेवा का जो अवसर दिया है, उसकी मयार्दा रखते हुए क्षेत्र का विकास मेरी पहली प्राथमिकता है। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि वार्ड में सड़कों और बिजली से संबंधित अन्य कार्यों को भी जल्द गति दी जाएगी। क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर : कार्यक्रम में ग्राम मकनपुर के गणमान्य नागरिकों और भारी संख्या में स्थानीय लोगों ने हिस्सा लिया। लोगों ने पार्षद के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस पाइपलाइन से उनकी दैनिक परेशानियों का अंत होगा। वार्ड 57 के सैकड़ों परिवार सीधे तौर पर लाभान्वित होंगे। स्वच्छ पेयजल और सुचारु जल आपूर्ति सुनिश्चित करना।


## नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म करने वाले को पुलिस ने भेजा जेल

लोनी, करंट क्राइम । लोनी थाना पुलिस ने नाबालिग लड़की को भगा ले जाने व उसके साथ दुष्कर्म करने वाले को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। एसीपी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि 17 फरवरी को एक कॉलोनी निवासी व्यक्ति ने लोनी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी जिसमें उल्लेख किया था कि उसकी नाबालिग पुत्री को बहला फुसलाकर ले गया है पुलिस ने उसकी तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी। लड़की को बरामद करने के लिए पुलिस टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम ने 25 फरबरी को लड़की को बरामद कर लिया तथा उसके ब्यानो के आधार पर बर्धमान पुरम शिव चौक लोनी का रहने वाला समीर पुत्र महमूद का नाम प्रकाश में आया पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर पोक्सो के तहत अभियोग पंजीकृत कर जेल भेज दिया दुष्कर्मी ने बताया कि वह फोन पर बात करता रहता था मौका पाकर उसे भगा ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया पुलिस ने दुष्कर्मी को जेल भेज दिया है।




## जनता पर पड़ेगी 3 गुना हाउस टैक्स की मार: अरविंद चौधरी

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** नगर निगम द्वारा बढ़ाए गए हाउस टैक्स के मामले में कोर्ट के ताजा फैसले को लेकर पूर्व पार्षद अरविंद चौधरी ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि यह फैसला जनता के साथ बड़ा धोखा है और इससे आम आदमी की कमर टूट जाएगी।



अरविंद चौधरी ने कहा, मैंने पहले ही आगाह कर दिया था कि हाउस टैक्स में जो बेतहाशा बढ़ोतरी की गई है, उससे अब आम आदमी की कमर टूटना तय है। उन्होंने सत्ता पक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि जब मेयर, सांसद और प्रदेश में मुख्यमंत्री सब एक ही दल के हैं, तो जनता को राहत मिलने का सवाल ही पैदा नहीं होता। उन्होंने आगामी चुनावों की ओर इशारा करते हुए कहा, ह्इस बार जनता को बहुत सोच-समझकर फैसला लेना होगा। कोर्ट के फैसले के बाद अब शहरवासियों को भारी-भरकम टैक्स चुकाना होगा। अरविंद चौधरी ने एक ही दल के प्रतिनिधि होने के बावजूद राहत न मिलने पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि जनता तय करे कि उन्हें किस तरह का जनप्रतिनिधि चुनना है।

## नेहरू नगर में होली मिलन समारोह संपन्न

### जनप्रतिनिधियों ने दिया सामाजिक एकता का संदेश

**– नेहरू नगर स्थित रोटरी क्लब में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न दलों के नेताओं की रही सहभागिता**








**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नेहरू नगर ब्लॉक-सी स्थित रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद में गुरुवार को आयोजित होली मिलन समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न हो गया। दोपहर 12 बजे शुरू हुए इस कार्यक्रम में शहर के अनेक जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता और विभिन्न राजनीतिक दलों के पदाधिकारी शामिल हुए। कार्यक्रम में विधायक संजीव शर्मा, मेयर आशु वर्मा, डॉली शर्मा, डॉ. महेंद्र नगर, करमवीर नगर प्रमुख, डॉ. संजीव शर्मा, विजय चौधरी (कांग्रेस), देवेंद्र खटाना, हातम सिंह नगर (भाजपा), राचा चरण भाटी, तनु त्यागी (जिला पंचायत प्रतिनिधि), उदय नगर, दीपक गिरी, मधु चौधरी (प्रदेश सचिव, सपा), अजय चौधरी (कांग्रेस), प्रोफेसर वंदना, वरुण नगर (मंडल अध्यक्ष, भाजपा), विजय पाल चौधरी (कांग्रेस), रवि चौधरी, कपिल यादव और अमित यादव सहित अनेक प्रमुख लोग मौजूद रहे।





समारोह के दौरान अतिथियों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और सामाजिक सौहार्द, भाईचारे तथा मिलजुलकर विकास की भावना को आगे बढ़ाने का संदेश दिया। उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि होली का पर्व समाज को जोड़ने का कार्य करता है और आपसी रिश्तों को मजबूत बनाता है। आयोजन की जिम्मेदारी 'कर्मशाला एनजीओ' ने संभाली।कार्यक्रम के आयोजकों में करमवीर नागर (प्रधान), करमवीर नागर (ब्लॉक प्रमुख), सोनल नागर (अध्यक्ष, कर्मशाला एनजीओ) तथा उदय नागर (संरक्षक, कर्मशाला एनजीओ) की प्रमुख भूमिका रही। आयोजकों ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए सफल आयोजन के लिए सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

## नगर पंचायत मार्किट के निर्माण में घटिया सामग्री लगाने का आरोप

**मोदीनगर, करंट क्राइम।** नगर पंचायत की मार्केट में घटिया निर्माण सामग्री और कचरे से भराव का आरोप लगा है। मामले की शिकायत मुख्यमंत्री से की गई है। निवाड़ी नगर पंचायत में मोदीनगर-निवाड़ी मार्ग पर बन रही इस मार्केट के पीछे कचरे से भराव किए जाने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

जिसकी पुष्टि दैनिक करंट क्राइम नही करता है। मुख्यमंत्री वैश्विक नगरोदय योजना के तहत निवाड़ी कस्बे में श्मशान स्थल के पास 1 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से 24 दुकानें बनाई जा रही हैं। मार्केट निर्माण स्थल पर नींव बनाने के अलावा भराव किया जा रहा है। किसान नेता नरेंद्र त्यागी, मोनू व आदेश सहित अन्य स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया है कि निर्माण कार्य में घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा है और कस्बे के कचरे से मार्केट का भराव किया जा रहा है। उन्होंने आशंका जताई है कि घटिया निर्माण सामग्री और कचरे के भराव के कारण निवाड़ी में भी मुरादनगर श्मशान स्थल जैसी दुर्घटना हो सकती है। इस संबंध में कस्बा निवाड़ी की अधिशासी अधिकारी आंचल पांडेय का कहना है कि कचरे से भराव का मामला उनके संज्ञान में नहीं है। उन्होंने बताया कि वहां मिट्टी का भराव होना है। यदि भराव में कचरे का इस्तेमाल किया जा रहा है, तो कार्यदायी संस्था के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## कुत्ते मारने के शक में दबंगों ने किया पथराव

**मोदीनगर, करंट क्राइम।** पालतू कुत्ते को जान से मारने की शक में दबंगों ने घर पर पथराव कर तोड़फोड़ की। पीड़ित ने थाने में तहरीर दी है, पुलिस जांच कर रही है। नगर की मानवतापुरी कॉलोनी निवासी आशीष त्यागी पर पड़ोसी ने पालतू कुत्ते को अगवा कर मारने का आरोप मंढ़ा है। आरोप है कि दबंगों ने आशीष त्यागी के घर पर जमकर पथराव कर तोड़फोड़ की। दबंगों ने युवती के साथ अभद्रता व मारपीट भी की। आशीष त्यागी ने इस संबंध में थाने में तहरीर दी है। पुलिस जांच के बाद कार्रवाई करने की बात कह रही है।




## एक ही गाड़ी में सवार हुए एसीपी-एसएचओ

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में कभी कभार ऐसे सीन भी नजर आ जाते हैं, जो वाकई अलग-अलग लगते हैं और उनकी चर्चा होनी शुरू हो जाती है। अब सूत्र बता रहे हैं कि गुरुवार को भी ऐसा ही नजारा देखने को मिला है। सिटी जोन के सबसे टेंशन और अटेंशन वाले थाने से जुड़ा बताया जा रहा है। सूचना मिली है कि जिला वाले मुख्यालय पर किसान वाली यूनियन का प्रदर्शन होने जा रहा था। प्रदर्शन को लेकर कई स्तर के अधिकारियों के फोन कॉल आ रहे थे। तो लगातार थाने वाले प्रभारी भी अपडेट ले रहे थे। इन सबके बीच जानकारी मिली है कि जैसे ही सूचना मिली किसानों की संख्या ठीक-ठाक है और वह रामलीला वाले मैदान से मुख्यालय की ओर जाएंगे। इसकी सूचना जैसे ही सिटी वाले प्रभारी को मिली, तो वह अलर्ट वाले मोड पर आ गए और अपने पुलिस बल के साथ चलने को तैयार हो गए। सुनने में आ रहा है कि इसी बीच इलाके वाले एसीपी साहब ऑफिस से निकले और




धरना स्थल के लिए निकलने को रेडी हो गए, पर बताया जा रहा है कि उसी वक्त साहब की गाड़ी किसी काम से क्षेत्र में गई हुई थी और वह बिना गाड़ी के थे। यह वाला नजारा देख साहब ने प्रभारी की गाड़ी में ही सवारी करना बेहतर समझा और दोनों पिछली वाली सीट पर सवार हो गए। पुलिस कमिश्नरेट में वैसे इस तरीके के सीन कम दिखाई देते हैं, जब अपनी ड्यूटी की मुस्तैदी, मेहनत, निष्ठा और कर्तव्य के लिए अधिकारी पद और कद नहीं देखते और एक साथ निकल लेते हैं। कुल मिलाकर जिस तरीके से बीते दिनों तेंदुए वाला प्रकरण हुआ था, वहां पर भी दोनों ही स्तर के अधिकारियों ने लंबी ड्यूटी और जिम्मेदारी अदा की थी, जिसकी चर्चा हुई थी। सूत्र बता रहे हैं कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में होली के बाद कई एसएचओ और एसीपी इस तरह के अधिकारियों के मेल मिलाप में कमी वाला सीन देखने को मिल सकता है। वहीं नदिया पार में जिन एसीपी की वजह से उनके वाले प्रभारी ऐश कर रहे थे, उनको भी थोड़ा सा अलर्ट हो जाना चाहिए वरना मामला फंस भी सकता है। कुल मिलाकर कहा जा रहा है कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में होली के बाद जहां एसीपी स्तर के अधिकारियों के फेस बदलेंगे। तो अगर सब कुछ ठीक नहीं चला तो कुछ थानों के प्रभारी भी इधर से उधर किया जा सकते हैं। देखना होगा होली के बाद कितने रंग नजर आते हैं, जो पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद को अलग दिखाएगें।

## आईटीएस मोहन नगर में दो दिवसीय वार्षिकोत्सव नव तरंग का आयोजन

**गाजियाबाद,करंट क्राइम।** मोहन नगर स्थित इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस में आज से दो दिवसीय वार्षिकोत्सव नव तरंग और विजविग 2026 का भव्य आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी मीडिया प्रभारी मोनिका शर्मा ने दी।

उन्होंने बताया कि 26 व 27 फरवरी 2026 को आईटीएस मोहननगर संस्थान अपने वार्षिकोत्सव नवतरंग एवं विजविग - इंटर कॉलेज कल्चरल फेस्ट 2026 का आयोजन करने जा रहा है।

इस वार्षिकोत्सव मे 23 तरह की विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे क्विज, क्रॉसवर्ड, बिजनेस प्लान, सोलो डांस, ग्रुप डांस, टी शर्ट पेंटिंग, क्रिएटिव राइटिंग, नेल आर्ट, स्ट्रीट प्ले, सोलो सिंगिंग, बैटल ऑफ बैंड, पोस्टर मेकिंग, फेस पेंटिंग, फैशन शो, पोएट्री, मिमिक्री, अंताक्षरी, डुएट सिंगिंग, डिबेट कम्पटीशन, रंगोली, बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट, सुडोकु आदि का आयोजन किया जा रहा है कइस प्रतियोगिता मे 100 महाविद्यालयों के 1600 से भी अधिक छात्र छात्राओं ने विभिन्न प्रतियोगिताएं में रजिस्ट्रेशन कराया है कसभी प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट्स दिए जायेंगे और विजेताओं को पुरूस्कार स्वरुप नकद राशि प्रदान की जाएगी। प्रथम दिन एसीपी साहिबाबाद, श्वेता कुमारी यादव एवं इंडियन क्लासिकल डाँसर माया कुलश्रेष्ठ विशेष अतिथि के रूप मे उपस्थित रहेंगी वहीं दूसरे दिन सेलिब्रिटी नाइट में मशहूर गायक लक्ष्य कपूर अपने लोकप्रिय गीतों के साथ शानदार प्रस्तुति देंगे।

## बालक वर्ग में रविदास हॉस्टल की टीम अव्वल

**नोएडा।** गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय (जीबीयू) में चल रही शौर्योत्सव खेल प्रतियोगिता में बृहस्पतिवार को बास्केटबॉल और क्रिकेट स्पधाओं के फाइनल मुकाबले खेले गए। बास्केटबॉल के बालक वर्ग में संत रविदास बॉयज हॉस्टल ने प्रथम स्थान हासिल किया।

वहीं मलिक मुहम्मद जायसी बॉयज हॉस्टल ने द्वितीय स्थान हासिल किया। गौरव चौधरी को बेस्ट प्लेयर चुना गया।

बालिका वर्ग बास्केटबॉल में रानी लक्ष्मीबाई गर्ल्स हॉस्टल ने प्रथम और महादेवी वर्मा टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। आस्था चौधरी बेस्ट प्लेयर चुनी गईं। बालक वर्ग क्रिकेट फाइनल में मलिक मुहम्मद जायसी ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया।

## ताला तोड़ने की कोशिश करता चोर सीसीटीवी में हुआ कैद , तभी डंडा लेकर आ गए लोग

**हापुड़।** यूपी के हापुड़ जिले के पिलखुवा कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला कृष्णगंज में गुरुवार तड़के करीब साढ़े तीन बजे चोरी का प्रयास हुआ। एक युवक घरों के बाहर घूमता रहा और चार मकानों पर प्रयास के बाद पांचवें मकान पर ताले तोड़ने की कोशिश करते मिला। इसी दौरान वह मोहल्ला निवासी एवं व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय बंसल अकेला के घर का ताला तोड़ने लगा तो परिवार के लोग जाग गए। परिजनों ने तत्काल 112 पर सूचना दी।



व्यापारी ने बताया कि तीन बार कॉल करने के बाद भी करीब 30 मिनट तक डायल 112 की गाड़ी मौके पर नहीं पहुंची। इस दौरान आरोपी लगातार ताला तोड़ने का प्रयास करता रहा। स्थिति गंभीर देख मोहल्ले के लोग बाहर निकले और घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ लिया।

इसके बाद सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को हिरासत में लिया। पूरी घटना आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई, जिसका फुटेज पुलिस को सौंप दिया गया है। सीओ अनीता चौहान ने बताया कि आरोपी से पूछताछ की जा रही है। 112 सेवा में देरी के आरोप की भी जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## पोस्ट ऑफ द डे

प्रस्तुति करंट क्राइम




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** विवेक तोमर और तूलिका तोमर ने अपनी सफल, सुखद, खुशहाल वैवाहिक जीवन यात्रा के 17 वर्ष पूरे हर्ष के साथ पूर्ण किये। मैरिज एनिवर्सरी की इस खुशी को विवेक तोमर ने फेसबुक पर साझा किया। मित्रों,समर्थकों, शुभचिंतकों और परिजनों ने बधाई व शुभकामनाओं से अभिभूत कर दिया। मैरिज एनिवर्सरी की यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# पीएम नरेन्द्र मोदी-नेतन्याहू के बीच वार्ता में रक्षा व्यापार, तकनीक व कृषि पर अहम समझौते हुए

**यरूशलम।** पीएम मोदी ने अपने इस्राइल दौरे के दूसरे दिन इस्राइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू के साथ द्विपक्षीय वार्ता की। इसके बाद दोनों देशों के बीच रक्षा, व्यापार, तकनीक व कृषि पर अहम समझौते हुए। साथ ही भारत-मध्य पूर्व यूरोप आर्थिक गलियारा और I2U2 ग्रुप पर सहयोग बढ़ाने पर भी जोर रहा। पीएम मोदी और नेतन्याहू ने संयुक्त प्रेस वार्ता कर पूरी बातचीत की जानकारी दी। आइए जानते हैं, वार्ता में क्या-क्या खास रहा?



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अभी अपने इस्राइल के एतिहासिक दौरे पर हैं। जहां गुरुवार को उन्होंने इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ व्यापक बातचीत की। इस बैठक में दोनों देशों के बीच रक्षा, सुरक्षा, व्यापार, तकनीक और कृषि जैसे अहम क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा हुई। बैठक के दौरान पश्चिम एशिया की मौजूदा स्थिति पर भी विचार-विमर्श किया गया। इसके अलावा भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे यानी भारत-मध्य पूर्व यूरोप आर्थिक गलियारा (आईएमईसी) और आई2यू2 समूह (भारत-इस्राइल-यूएई-अमेरिका समूह) के तहत सहयोग को आगे बढ़ाने पर भी चर्चा होने की संभावना जताई गई।

इस दौरान भारत और इस्राइल ने आपसी संबंधों को और मजबूत बनाने के लिए कई अहम समझौतों पर हस्ताक्षर किए। ये समझौते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और इस्राइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू के बीच हुई बैठक के बाद किए गए। दोनों नेताओं ने नवाचार (इनोवेशन), कृषि, तकनीक और अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर सहमति जताई। इन समझौतों का मकसद नई तकनीकों का विकास, खेती में आधुनिक तरीकों को अपनाना और स्टार्ट-अप व शोध के क्षेत्र में साझेदारी को आगे बढ़ाना है।

**नेतन्याहू के साथ प्रेस वार्ता में पीएम मोदी**

इसके बाद इस्राइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू के साथ संयुक्त प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत-इस्राइल के रिश्तों को नई ऊंचाई देने का एलान किया। पीएम मोदी ने नमस्कार और शलोम कहकर अपने संबोधन की शुरूआत की। उन्होंने कहा कि नौ साल पहले उन्हें पहली बार इस्राइल आने का मौका मिला था। अब दोबारा यहां आना उनके लिए गर्व का क्षण है। उन्होंने बताया कि उन्हें 'स्पीकर ऑफ द नेसेट मेडल' से सम्मानित किया गया है। पीएम मोदी ने यह सम्मान भारत के 140 करोड़ लोगों और भारत-इस्राइल की दोस्ती को समर्पित किया।

**बैठक के दौरान क्या-क्या बातें हुई**

बैठक के दौरान दोनों देशों ने कई बड़े फैसले किए। पीएम मोदी ने कहा कि भारत और इस्राइल ने क्रिटिकल और उभरती प्रौद्योगिकी साझेदारी स्थापित करने का निर्णय लिया है।

### दोनों देशों के बीच एफटीए जल्द ही

पीएम मोदी ने यह भी बताया कि दोनों देश जल्द ही एक पारस्परिक रूप से लाभकारी मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को अंतिम रूप देंगे। सबसे अहम घोषणा यह रही कि भारत और इस्राइल ने अपने संबंधों को विशेष रणनीतिक साझेदारी का दर्जा देने का ऐतिहासिक फैसला किया है। पीएम मोदी ने कहा कि यह निर्णय दोनों देशों की उम्मीदों और मजबूत होती दोस्ती का प्रतीक है। आतंकवाद के खिलाफ पीएम मोदी का सख्त संदेश इस दौरान पीएम मोदी ने शांति और आतंकवाद के खिलाफ सख्त संदेश दिया। उन्होंने कहा कि भारत की सोच साफ है मानवता कभी भी युद्ध और संघर्ष की शिकार नहीं बननी चाहिए। उन्होंने कहा कि गाजा शांति योजना ने शांति की दिशा में एक नया रास्ता खोला है और भारत ने ऐसे प्रयासों का समर्थन किया है। आगे भी भारत सभी देशों के साथ बातचीत और सहयोग जारी रखेगा।

# जिनेवा बैठक से पहले ट्रंप और जेलेंस्की ने फोन पर की बातचीत

**कीव।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने फोन पर युद्ध खत्म करने को लेकर चर्चा की। उन्होंने जिनेवा बैठक और मार्च में होने वाले सत्र की तैयारियों पर बात की। जेलेंस्की ने अमेरिकी सैन्य मदद की सराहना की और कहा कि शांति के लिए बातचीत को बड़े नेताओं के स्तर पर ले जाना जरूरी है।



जिनेवा में होने वाली महत्वपूर्ण बैठक से पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने फोन पर विस्तार से चर्चा की। इस बातचीत का मुख्य उद्देश्य रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे युद्ध को समाप्त करने का रास्ता खोजना है।

**जेलेंस्की ने दी जानकारी**

जेलेंस्की ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर इस बातचीत की जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि इस कॉल में ट्रंप के साथ उनके विशेष दूत स्टीव विटकॉफ और जेरेड कुशनर भी शामिल थे। जेलेंस्की ने शांति बहाली की कोशिशों में ट्रंप और उनकी टीम की सक्रिय भागीदारी के लिए उनका आभार व्यक्त किया।

**द्विपक्षीय बैठक पर हुई चर्चा**

दोनों नेताओं ने जिनेवा में होने वाली द्विपक्षीय बैठक के कार्यसूची पर चर्चा की। इसके साथ ही मार्च की शुरूआत में होने वाले त्रिपक्षीय सत्र की तैयारियों को लेकर भी बात हुई। जेलेंस्की ने कहा कि वे 'पीयूआरएल' पहल को बहुत महत्व देते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि यूक्रेन ने अमेरिका से जो एयर डिफेंस मिसाइलें खरीदी हैं, वे इस कठिन सर्दी में लोगों की जान बचाने और चुनौतियों का सामना करने में बहुत मददगार साबित हो रही हैं।

# इस्राइली राष्ट्रपति और मोदी की मुलाकात, भारत आने का न्योता दिया

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने इस्राइल दौरे के दूसरे दिन होलोकॉस्ट पीड़ितों की याद में बने याद वाशेम स्मारक का दौरा किया और इसके बाद पीएम मोदी ने इस्राइल के राष्ट्रपति हर्जोग के साथ बैठक की। बैठक से पहले दोनों नेताओं ने नरसंहार पीड़ितों की याद में पेड़ भी लगाया।



इस्राइल दौरे के दूसरे दिन, गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 'याद वाशेम' पहुंचे। जहां उन्होंने नाजी शासन में मारे गए 60 लाख यहूदियों को श्रद्धांजलि अर्पित की और इसके बाद प्रेसिडेंशियल गार्डन में राष्ट्रपति हर्जोग के साथ 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पेड़ लगाया।

**भारतीय विदेश मंत्रालय ने साझा की जानकारी**

भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक्स पर साझा एक पोस्ट में इसे नरसंहार के पीड़ितों को दिया गया सम्मान बताया।

उन्होंने लिखा, 'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ल्ड होलोकॉस्ट रिमेम्बरेंस सेंटर, याद वाशेम का दौरा किया। यह पीएम का याद वाशेम का दूसरा दौरा था। पीएम ने होलोकॉस्ट पीड़ितों को फूल चढ़ाए और श्रद्धांजलि अर्पित की। पीएम ने दिल को छू लेने वाले बुक ऑफ नेम्स हॉल का भी दौरा किया, जो होलोकॉस्ट के दौरान मारे गए लाखों लोगों की याद को सहेजे हुए है।'

पोस्ट के अनुसार, यह मेमोरियल अतीत की क्रूरता और अन्याय के खिलाफ खड़े होने और एक बेहतर दुनिया बनाने के हमारे मिलकर किए गए इरादे की याद दिलाता है।

प्रधानमंत्री मोदी का अगला पड़ाव राष्ट्रपति हर्जोग से मुलाकात थी। दोनों ने भारत-इजरायल की साझेदारी को और मजबूत करने पर विचार किया। एमईए की पोस्ट के अनुसार, पीएम ने राष्ट्रपति संग एजुकेशन, स्टार्ट-अप्स, इनोवेशन, टेक और कनेक्टिविटी में सहयोग को और बढ़ाने के तरीकों पर सार्थक चर्चा की।

इसके बाद दोनों ने 'एक पेड़ मां के नाम' पहल के तहत प्रेसिडेंशियल गार्डन में एक पौधा लगाया। पीएम ने राष्ट्रपति हर्जोग को जल्द ही भारत आने का न्योता भी दिया।

पीएम मोदी की दो दिन की राजकीय यात्रा गुरुवार को समाप्त हो रही है; इससे पहले दोनों देशों के पीएम प्रेस को भी संबोधित करेंगे। बुधवार को पीएम को इजरायली प्रधानमंत्री नेतन्याहू और उनकी पत्नी सारा ने एयरपोर्ट पर रिसीव किया था। इसके बाद पीएम मोदी ने इजराइली संसद नेसेट को भी संबोधित किया। वे इजरायली संसद को संबोधित करने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री बन गए। उन्हें संसद का सर्वोच्च सम्मान 'स्पीकर ऑफ द नेसेट मेडल' से भी नवाजा गया।

अपने संबोधन में नेतन्याहू ने पीएम मोदी को अपना 'सच्चा मित्र' और 'मित्र से बढ़कर भाई' तक बताया। नेतन्याहू ने भारत के प्रधानमंत्री को दुनिया का महान नेता बताते हुए 'मोदी हग' का भी जिक्र किया।

# यूक्रेन संकट के राजनीतिक समाधान की मांग, चीन ने कहा- देशों की प्रादेशिक अखंडता का सम्मान जरूरी

**न्यूयॉर्क।** चीन ने कहा है कि रूस यूक्रेन युद्ध का स्थायी समाधान होना चाहिए। चीन ने संयुक्त राष्ट्र की एक बैठक में कहा कि राजनीतिक तरीके से ही इस संकट का समाधान हो सकता है।



संयुक्त राष्ट्र स्थित चीनी स्थायी मिशन के राजनयिक थंग फेइ ने एक आपात विशेष यूएन महासभा में यूक्रेन संकट के राजनीतिक समाधान की मांग की। शांति के समर्थन पर फैसले का मसौदा पारित होने के बाद अपने भाषण में थंग फेइ ने कहा कि वर्तमान नाजुक वक्त में चीन को इंतजार है कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय संकट के राजनीतिक समाधान के लिए लाभकारी वातावरण तैयार करेगा। उन्होंने कहा कि उम्मीद है कि यूएन महासभा शांति के लिए रचनात्मक भूमिका निभाएगी। चीन इस संकट के राजनीतिक समाधान के लिए सकारात्मक कोशिश जारी रखेगा।

**चीनी राजनयिक ने क्या-क्या कहा:** थंग फेइ ने कहा कि चीन अभी यूएन महासभा के फैसले मसौदे पर मतदान से अलग हुआ है। चीन का हमेशा से विचार है कि विभिन्न देशों की प्रभुसत्ता और प्रादेशिक अखंडता का सम्मान करना जरूरी है, और साथ ही यूएन चार्टर के सिद्धांतों का पालन करना है। विभिन्न पक्षों की सुरक्षा चिंताओं को महत्व देना है और संकट के शांतिपूर्ण समाधान के लिए लाभदायक सभी कोशिशों का समर्थन करना चाहिए।

थंग फेइ ने कहा कि समस्या का जड़ से समाधान करना चाहिए ताकि अधिक संतुलित, प्रभावी और सतत यूरोपीय सुरक्षा ढांचा बन जाए।

यूएन महासभा ने यूक्रेन की चिरस्थायी शांति के समर्थन का फैसला, पक्ष में 107, विपक्ष में 7 और अनुपस्थिति में 51 मतों से पारित किया।

जिनेवा में होने वाली महत्वपूर्ण बैठक से पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने फोन पर विस्तार से चर्चा की। इस बातचीत का मुख्य उद्देश्य रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे युद्ध को समाप्त करने का रास्ता खोजना है। यूक्रेनी राष्ट्रपति का मानना है कि इन बैठकों के माध्यम से बातचीत को शीर्ष नेताओं के स्तर तक ले जाने का मौका मिलेगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि मुश्किल और संवेदनशील मुद्दों को सुलझाने और युद्ध को पूरी तरह खत्म करने का यही एकमात्र प्रभावी तरीका है।

# 'जबरन कब्जे वाले इलाके खाली करो'
## पीओके पर भारत की पाकिस्तान को फटकार

**संयुक्त राष्ट्र।** वैश्विक मंच पर भारत ने पाकिस्तान को एक बार फिर तगड़ी फटकार लगाई है। संयुक्त राष्ट्र में भारत ने जम्मू-कश्मीर और पीओके को लेकर पाकिस्तान पर जमकर हमला बोला। इतना ही नहीं पीओके के जबरन कब्जा किए गए इलाकों को खाली करने की सख्त चेतावनी दी।



भारत ने संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद के 61वें सत्र में पाकिस्तान को करारा जवाब देते हुए तगड़ी फटकार लगाई है। भारत ने इस्लामाबाद पर दुष्प्रचार फैलाने का आरोप लगाया और जोर देकर कहा कि जम्मू और कश्मीर का विकास पथ पाकिस्तान की आर्थिक समस्याओं के बिल्कुल विपरीत है।

**उच्च स्तरीय सत्र के दौरान भारत की फटकार:** 23 फरवरी से 31 मार्च तक आयोजित हो रहे सत्र में 25 फरवरी को आयोजित उच्च स्तरीय सत्र के दौरान भारत के जवाब देने के अधिकार का प्रयोग करते हुए भारत की प्रतिनिधि अनुपमा सिंह ने पाकिस्तान और इस्लामिक सहयोग संगठन (ओआईसी) द्वारा लगाए गए आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि इस समूह ने खुद को एक सदस्य देश के लिए 'प्रतिबिंब कक्ष' के रूप में इस्तेमाल होने दिया है। पाकिस्तान का लगातार दुष्प्रचार ईर्ष्या से भराः भारत

अनुपमा सिंह ने कहा कि हम इन आरोपों को सिरे से खारिज करते हैं। साथ ही यह भी जोड़ा कि पाकिस्तान का लगातार दुष्प्रचार ईर्ष्या से भरा हुआ है। सिंह ने भारत के उस चिरस्थायी रुख को दोहराया कि जम्मू और कश्मीर 'भारत का अभिन्न और अविभाज्य अंग था, है और हमेशा रहेगा।'

उन्होंने कहा कि भारतीय स्वतंत्रता अधिनियम और अंतरराष्ट्रीय कानून के अनुसार, 1947 में इस क्षेत्र का भारत में विलय पूरी तरह से कानूनी और अपरिवर्तनीय था। उन्होंने कहा, 'इस क्षेत्र से संबंधित एकमात्र लंबित विवाद पाकिस्तान द्वारा भारतीय क्षेत्रों पर अवैध कब्जा है और उन्होंने इस्लामाबाद से अपने नियंत्रण वाले क्षेत्रों को खाली करने को कहा।

# 'इंटरपोल से करें ब्रिटिश सांसद ट्यूलिप की गिरफ्तारी के नोटिस की अपील', ढाका की अदालत का निर्देश

**ढाका की एक विशेष अदालत ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि ब्रिटिश सांसद ट्यूलिप सिद्दीक को भ्रष्टाचार के मामले में गिरफ्तार करने के लिए इंटरपोल से रेड नोटिस जारी करने का अनुरोध करें। सिद्दीक पर भ्रष्टाचार के क्या आरोप हैं और बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना से उनके क्या संबंध हैं**





**ढाका।** ढाका की एक अदालत ने गुरुवार को अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे एक ब्रिटिश सांसद की गिरफ्तारी के लिए इंटरपोल से रेड नोटिस जारी करने का अनुरोध करें। यह मामला एक निजी रियल एस्टेट परियोजना में भ्रष्टाचार के आरोपों से जुड़ा है।

**भ्रष्टाचार निरोधक आयोग का क्या कहना है :** आयोग का कहना है कि सिद्दीक ने हसीना से अपने संबंधों का इस्तेमाल करते हुए ढाका के पॉश गुलशन इलाके में एक निजी कंपनी को जमीन आवंटित कराने की प्रक्रिया को प्रभावित किया। सिद्दीक, हसीना की छोटी बहन शेख रेहाना की बेटी हैं।

ढाका मेट्रोपॉलिटन के वरिष्ठ विशेष जज मोहम्मद सब्बिर फैज ने गुरुवार को भ्रष्टाचार निरोधक एजेंसी की याचिका पर यह आदेश जारी किया। यह आदेश तब आया, जब आयोग के सहायक निदेशक एकेएम मुर्तजा अली सागर ने इंटरपोल के जरिये रेड नोटिस जारी करने की मांग की, ताकि सिद्दीक की गिरफ्तारी सुनिश्चित की जा सके। गुरुवार को इस मामले पर सिद्दीक की ओर से तुरंत कोई प्रतिक्रिया नहीं आई।

**पिछले साल ट्यूलिप सिद्दीक ने क्यों दिया पद से इस्तीफा?**

पिछले साल जनवरी में ट्यूलिप सिद्दीक ने प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर की कैबिनेट में मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था।

शेख हसीना से उनके संबंधों को लेकर दबाव बढ़ने के बाद उन्होंने यह कदम उठाया। सिद्दीक ने कहा था कि जांच में उन्हें किसी भी गलत काम का दोषी नहीं पाया गया है। उन्होंने कहा था कि फिर भी उन्होंने ट्रेजरी के आर्थिक सचिव पद से इस्तीफा देने का फैसला किया, क्योंकि उनके अनुसार यह विवाद सरकार के कामकाज से ध्यान भटका रहा था।

### नई सरकार का नेतृत्व कर रहे तारिक रहमान

हसीना के सत्ता से हटने के तीन दिन बाद नोबेल शांति पुरस्कार विजेता मोहम्मद यूनुस ने अंतरिम नेता के रूप में पद संभाला। बाद में 12 फरवरी को चुनाव की निगरानी की। इसके बाद पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया के बेटे और हसीना के मुख्य राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी तारिक रहमान के नेतृत्व में नई सरकार ने कार्यभार संभाल लिया।

# क्यूबा की फायरिंग से बढ़ा तनाव, अमेरिका में रजिस्टर्ड नाव पर गोलीबारी से चार की मौत; घुसपैठ का आरोप

**क्यूबा।** स्पीड बोट पर फायरिंग के बाद क्यूबा और अमेरिका में तनाव बढ़ सकता है। क्यूबा सरकार ने बुधवार देर रात कहा कि उसके सैनिकों पर गोली चलाने वाली नाव में सवार 10 यात्री अमेरिका में रहने वाले सशस्त्र क्यूबाई नागरिक थे, जो द्वीप में घुसपैठ करने और आतंकवाद फैलाने की कोशिश कर रहे थे।



कैरिबियाई सागर में स्थित द्वीपीय देश क्यूबा और अमेरिका के बीच तनाव बढ़ता नजर आ रहा है। यह तनाव बुधवार (25 फरवरी) देर रात फ्लोरिडा से आ रही एक नाव पर गोलीबारी की घटना के बाद हुआ है। क्यूबा सरकार के मुताबिक फ्लोरिडा से आ रही एक नाव ने उसके सैनिकों पर गोलीबारी की, जिसके परिणामस्वरूप झड़प शुरू हुई, जिसमें चार लोगों की मौत हो गई।

**'बोट पर सशस्त्र क्यूबाई नागरिक थे', क्यूबा सरकार का दावा**

क्यूबा सरकार ने बुधवार देर रात कहा कि उसके सैनिकों पर गोली चलाने वाली नाव में सवार 10 यात्री अमेरिका में रहने वाले सशस्त्र क्यूबाई नागरिक थे, जो द्वीप में घुसपैठ करने और आतंकवाद फैलाने की कोशिश कर रहे थे। यह प्रतिक्रिया क्यूबा द्वारा यह कहने के कुछ घंटों बाद आई है कि उसके सैनिकों ने फ्लोरिडा में पंजीकृत एक स्पीड बोट पर सवार चार लोगों को मार डाला और छह अन्य को घायल कर दिया, जो क्यूबा के जलक्षेत्र में प्रवेश कर गई थी और उसने पहले सैनिकों पर गोलीबारी की थी, जिसमें एक क्यूबा अधिकारी घायल हो गया था।


क्यूबा सरकार ने कहा कि नाव में सवार 10 लोगों में से अधिकांश का 'आपराधिक और हिंसक गतिविधियों का ज्ञात इतिहास है'। इस बीच अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने इससे पहले पत्रकारों को बताया था कि उन्हें इस घटना की जानकारी है और अमेरिका अब यह निर्धारित करने के लिए अपनी जानकारी जुटा रहा है कि पीड़ित अमेरिकी नागरिक थे या स्थायी निवासी।

रुबियो ने सेंट किट्स के बासेटेरे हवाई अड्डे पर कहा कि अमेरिकी सरकार के कई अलग-अलग विभाग इस कहानी के उन पहलुओं की पहचान करने की कोशिश कर रहे हैं, जो हमें अभी तक नहीं बताए गए हैं।

**क्यूबा सरकार ने और क्या बताया:** क्यूबा सरकार ने नाव में सवार दो यात्रियों की पहचान अमीजैल सांचेज गोंजालेज और लियोर्डन एनरिक क्रूज गोमेज के रूप में की है, जिनकी क्यूबा के अधिकारियों द्वारा राष्ट्रीय क्षेत्र या अन्य देशों में आतंकवाद से संबंधित कृत्यों को बढ़ावा देने, योजना बनाने, संगठित करने, वित्तपोषण करने, समर्थन करने या अंजाम देने में उनकी संलिप्तता के आधार पर तलाश की जा रही है। सरकार ने कहा कि उसने डुनियल हर्नांडेज सैंटोस को भी गिरफ्तार कर लिया है, और बताया कि उसे संयुक्त राज्य अमेरिका से सशस्त्र घुसपैठियों के स्वागत की गारंटी देने के लिए भेजा गया था, जिसने इस समय अपने कृत्यों को स्वीकार कर लिया है।

# राष्ट्रपति ट्रंप के भाषण को कमला हैरिस ने झूठा बताया
## अमेरिकियों को गुमराह करने का लगाया आरोप

**नई दिल्ली।** अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने हाल ही में स्टेट ऑफ द यूनियन भाषण दिया। इस पर अमेरिका की पूर्व उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने राष्ट्रपति ट्रंप के भाषण को झूठ से भरा बताया।



उन्होंने कहा मैंने इसे देखा। यह झूठ से भरा हुआ था। इसके साथ ही उन्होंने ट्रंप के इस दावे को खारिज कर दिया कि जिसमें उन्होंने कहा था कि देश की स्थिति मजबूत है। हैरिस ने कहा, बिल्कुल नहीं ₹मैं आपको बता दूं... बहुत से लोग बढ़ती कीमतों, महंगी स्वास्थ्य सेवाओं और महंगे आवास के बोझ तले दबे हुए हैं।

इसके साथ ही उन्होंने हाल ही में दक्षिणी राज्यों की अपनी यात्राओं का वर्णन किया। उन्होंने मिसिसिपी में एक ऐसी मां से मिलने का किस्सा सुनाया, जिसका चार लोगों के लिए साप्ताहिक किराने का बजट मात्र 150 डॉलर था। हैरिस ने कहा, ₹कार्ट में जो कुछ भी था, वह उसके बच्चों के लिए ही था,₹ और आगे बताया कि उस मां ने उनसे कहा कि जो कुछ भी उनके बच्चे नहीं खाएंगे, वह खुद खा लेगी। वह बोतलबंद पानी लेने के लिए चलकर गई क्योंकि वह नल का पानी नहीं पी सकती, क्योंकि पानी भूरा और जहरीला है। यही है अमेरिका।

हैरिस ने प्रस्तावित खर्च प्राथमिकताओं की भी आलोचना की। उन्होंने पूछा, जब आप मेडिकेड में 1 ट्रिलियन डॉलर की कटौती करते हैं, तो इससे किसके लिए आवाज उठती है? वहीं दूसरी ओर, अमेरिका के सबसे अमीर लोगों के लिए 1 ट्रिलियन डॉलर की टैक्स कटौती की जा रही है।

यही हमारे देश में अभी हो रहा है। मतदान के अधिकारों के मुद्दे पर, हैरिस ने सेव एक्ट का कड़ा विरोध किया, जिसे ट्रंप ने कांग्रेस से पारित करने का आग्रह किया था। उन्होंने तर्क दिया कि इस उपाय के तहत लोगों को मतदान के लिए पंजीकरण कराने हेतु जन्म प्रमाण पत्र या पासपोर्ट दिखाना अनिवार्य होगा। वहीं, उन्होंने दावा किया कि लगभग 40 प्रतिशत अमेरिकियों के पास ये दस्तावेज नहीं हैं।

**अमेरिकी लोग एक और युद्ध के लिए तैयार नहीं**

विदेश नीति पर बात करते हुए, हैरिस ने ईरान के साथ बढ़ते तनाव पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि ट्रंप ने पहले दावा किया था कि उन्होंने उनके कार्यक्रम को पूरी तरह से नष्ट कर दिया है। इसे पूरी तरह से बकवास बताया। उन्होंने कहा कि अब वह इस क्षेत्र में अमेरिकी सैनिकों को भेज रहे हैं, जिससे यह बहुत संभव है कि अमेरिकी पुरुषों और महिलाओं को युद्ध में तैनात किया जाएगा।₹ हैरिस ने आगे कहा, अमेरिकी जनता एक और युद्ध नहीं चाहती और न ही वे अपने बेटों और बेटियों को ऐसी कार्रवाई शुरू करने के लिए भेजना चाहते हैं जिसे टाला जा सकता है और जो कि संभव भी है।

स्टेट ऑफ द यूनियन संबोधन अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा कांग्रेस को दिया जाने वाला वार्षिक भाषण है, जिसमें विधायी प्राथमिकताओं की रूपरेखा प्रस्तुत की जाती है। देश की स्थिति का आकलन किया जाता है। यह अक्सर चुनावों से पहले घरेलू और विदेश नीति संबंधी बहसों की दिशा तय करता है। 2026 के मध्यावधि चुनाव कांग्रेस पर किसका नियंत्रण होगा, यह तय करेंगे। इन्हें व्यापक रूप से मौजूदा राष्ट्रपति के एजेंडे पर जनमत संग्रह के रूप में देखा जाता है और ये अमेरिकी घरेलू और अंतरराष्ट्रीय नीति की दिशा को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित कर सकते हैं।

गाजियाबाद नगर निगम
Ghaziabad Nagar Nigam
(ISO 9001, 14001 व 18001 प्रमाणित संस्था)
गाजियाबाद विकास प्राधिकरण
GHAZIABAD DEVELOPMENT AUTHORITY

# वंदे मातरम कॉर्नर कराएगा भारत दर्शन, कश्मीर से लेकर उत्तर प्रदेश तक का दिखेगा स्थान : ललित जायसवाल

## फ्लावर शो में इस बार 5000 से ज्यादा पौधे बढ़ाएंगे शान • देशी-विदेशी फूलों से महकेगा लैंड क्राफ्ट का मैदान





**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** फरवरी के मौसम में फूलों की छटा, हरियाली का रंग और पकवान की खुशबू चारों ओर फैलनी शुरू हो गई है और स्थान रहता है लैंड क्राफ्ट सोसायटी का मैदान। जहां हर साल की तरह इस बार भी फ्लावर शो और चटकारे का आयोजन किया जा रहा है। आयोजक ललित जायसवाल ने जानकारी दी है कि इस बार फ्लावर शो में 5000 से अधिक फूल, पौधे और अलग-अलग किस्म के कैक्टस के पौधे नजर आने वाले हैं। तो वहीं वंदे मातरम की थीम पर यहां भारत दर्शन भी कराया जाएगा। जिसमें रविंद्र नाथ टैगोर और बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय की तस्वीरें प्रदर्शित की जाएगी। तो कश्मीर से लेकर उत्तर प्रदेश के चित्र को भी दशार्या गया है। खास बात यह है कि बच्चों के लिए अलग गेम जोन रहेगा। तो मेले का रूप देते हुए झूलों का भी प्रबंध किया गया है। इसके साथ ही मेले में दिल्ली रामलीला मैदान से खास पकवान बनाने वाले कारीगर आ रहे हैं।

जो साउथ एक्स की भेलपुरी, लखनवी टुंडे कबाब, पत्ते की चाट और छोले भटूरे से लेकर फास्ट फूड के अलग-अलग पकवान मेले में आने वाले लोगों को अपनी ओर आकर्षित करने का काम करेंगे। शुक्रवार को सुबह से मिला शुरू हो जाएगा, तो शाम पांच बजे गाजियाबाद जिलाधिकारी रविंद्र कुमार मांदड इसका विधिवत उद्घाटन करेंगे। तो शाम के समय रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम बच्चों, महिलाओं और युवतियों के लिए अलग-अलग प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाएंगी। जो इस मेले को और ज्यादा रोमांचक बनाने का काम करेंगे।

**ललित जायसवाल ने कहा हर दर्शक को पसंद आएगा फ्लावर शो-चटकारे**

### राम द्वार, धनुष और डमरू भी है खास

**करंट क्राइम :** ललित जायसवाल ने जानकारी दी है कि इस बार मुख्य गेट पर धनुष बाण और तीर का रूप देते हुए, इसे प्रदर्शित किया गया है। तो भगवान श्री राम और श्री कृष्ण को भी यहां याद किया गया है। जहां भगवान शिव जी का डमरू भी यहां प्रदर्शित है। तो विदेशी फूलों और ड्रेस में सजी कलाकार लोगों को फ्लावर शो का खास एहसास करवाएंगी।

### दो महीने पहले शुरू हो जाती है तैयारी

**करंट क्राइम :** फ्लावर शो को सफल बनाने और इसकी सुंदरता को बढ़ाने के लिए लगभग दो महीने पहले ही इसकी तैयारी शुरू कर दी जाती है। डॉग फ्लावर, पेंजी, डहेलिया, गुलदावरी, पिंक के साथ ही कैक्टस और बोनसाई पौधों को यहां सेट कर दिया जाता है, इनको एक शेप दी जाती है। साथ ही अलग-अलग गार्डन तैयार किए जाते हैं ताकि पूरे फ्लावर शो को एक सुंदर और भव्य रूप दिया जा सके। ललित जायसवाल ने बताया है कि यह लगभग पिछले 12 सालों से आयोजित किया जा रहा है। हर साल दर्शकों की संख्या में इजाफा हो रहा है। तो लोगों को यह इतना पसंद आता है कि इसकी फोटो और रील विदेशों तक भेजी जाती हैं।



### ललित जायसवाल ने कहा रंग बिरंगे फूल कराएंगे खास एहसास

**करंट क्राइम :** इस बार फरवरी में गर्मी वाला फील पहले आ गया है, तो मौसम में दिन के समय काफी गर्म होने लगा है। इसके बावजूद आयोजक ललित जायसवाल ने दावा किया है कि तीन दिनों तक चलने वाले फ्लावर शो के दौरान जो 5000 से अधिक पेड़-पौधे अलग-अलग किस्म के रंगीन और सदाबहार रहने वाले फूलों के पौधे हैं, वह हरे रहेंगे मुरझाएंगे नहीं। साथ ही वंदे मातरम की थीम पर जिस तरीके से न सिर्फ पौधों को दशार्या गया है बल्कि इसमें सफेद, हरा और केसरिया रंग भी प्रदर्शित किया गया है, जो भारत की अखंडता, एकता और शांति को प्रदर्शित करने का काम करेगा।



### नगर निगम, आवास विकास और नोएडा अथॉरिटी के पौधे भी होंगे प्रदर्शित

**करंट क्राइम :** तीन दिनों तक चलने वाले फ्लावर शो के दौरान न सिर्फ आम खास और विदेशी फूल यहां नजर आएंगे बल्कि नगर निगम गाजियाबाद की उद्यान विभाग द्वारा लगाए जाने वाले पौधे, नगर निगम के साथ ही गाजियाबाद विकास प्राधिकरण की उद्यान टीम, ग्रेटर नोएडा-नोएडा अथॉरिटी की उद्यान टीम तो आवास विकास परिषद उत्तर प्रदेश वसुंधरा का भी अलग से स्टॉल लगाया जाएगा। जो अपनी खेती, बागवानी और फुलवारी को प्रदर्शित करने का काम करेगा।



### फूलों और हरियाली से बनाई गई है पानी देने के लिए फव्वारा मशीन

**करंट क्राइम :** फ्लावर शो के दौरान पूरी थीम ही प्राकृतिक और हरियाली वाली है। तो यहां खेल के मैदान और मेला परिसर में एक बड़ा हजारों फूल और हरियाली जोड़ते हुए फव्वारा लगाया गया है, जो ऐसा प्रदर्शित होगा कि पानी भरने के बाद पानी उससे नीचे पौधों पर गिर रहा है। इसमें बड़ी संख्या में फूलों का इस्तेमाल किया जाएगा, तो मुख्य द्वार से लेकर अंदर अलग-अलग कॉर्नर बनाए गए हैं। जिसमें अलग-अलग किस्म के फूल लोगों को आकर्षित करने का काम करेंगे।



### राउंड द क्लॉक चलेगा पानी का छिड़काव ताकि ताजा रहे फूल और हरियाली ना हो कम

**करंट क्राइम :** लैंड क्राफ्ट सोसाइटी में आयोजित होने वाले फ्लावर शो और चटकारे में फूलों की प्रदर्शनी और अलग-अलग किस्म के बोनसाई पौधे हर उम्र की लोगों को दीवाना बनाएंगे। यहां करीब 60 साल पुराना बोनसाई पौधा भी प्रदर्शित किया जाएगा। तो कद्दू, बैगन, लौकी, टमाटर, हरी मिर्च के ऐसे पौधे जो देखने में छोटे लेकिन सब्जी और फलों से भरपूर रहेंगे, उनका नजारा भी देखने को मिलेगा। ललित जायसवाल ने बताया है कि गर्मी का मौसम काफी तेज है, ऐसे में पौधे सूख नहीं उनकी हरियाली और ताजगी कम ना हो, इसके लिए राउंड द क्लॉक पानी का छिड़काव किया जाएगा। इसके लिए कई स्थानों पर मशीन लगाने के साथ ही बड़ी संख्या में माली और कृषि बागवानी करने वाले लोगों को लगाया गया है ताकि इन पौधों की सुंदरता और सजीवता बनी रहे।






# गाजियाबाद में उत्तरी क्षेत्र सीएसएसआर प्रतियोगिता संपन्न

## हिमाचल प्रदेश ने मारी बाजी उत्तर प्रदेश एसडीआरएफ रही द्वितीय

### एनडीआरआफ में हुआ आयोजन





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की 8वीं वाहिनी, गाजियाबाद में 23 से 26 फरवरी तक आयोजित उत्तरी क्षेत्र सीएसएसआर प्रतियोगिता का सफल समापन हुआ। चार दिनों तक चली इस प्रतियोगिता में आपदा की वास्तविक परिस्थितियों पर आधारित अभ्यासों के माध्यम से टीमों की तकनीकी दक्षता और त्वरित प्रतिक्रिया क्षमता को परखा गया। प्रतियोगिता में 7 राज्यों की 8 एसडीआरएफ टीमों के 171 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

मलबे में फंसे लोगों की खोज और सुरक्षित रेस्क्यू से जुड़े चुनौतीपूर्ण कार्यों में 8 केनाइन (डॉग स्क्वॉड) ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कड़े मुकाबले के बाद हिमाचल प्रदेश एसडीआरएफ ने प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि उत्तर प्रदेश एसडीआरएफ द्वितीय रही। दोनों टीमों का चयन राष्ट्रीय स्तर की सीएसएसआर प्रतियोगिता के लिए किया गया है। समापन समारोह में डीआईजी नॉर्थ जोन गंभीर सिंह चौहान ने आपदा प्रबंधन में प्रशिक्षण की अहमियत पर बल दिया। इस अवसर पर एडिशनल पुलिस कमिश्नर गाजियाबाद केशव कुमार चौधरी, आईपीएस ने विजेता टीमों को सम्मानित करते हुए उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की।

# आईपीएस डॉ. प्रवीन रंजन बने डीसीपी ग्रेटर नोएडा



**नोएडा, करंट क्राइम :** गौतमबुद्ध नगर पुलिस कमिश्नरेट में प्रशासनिक फेरबदल के तहत वेटिंग में चल रहे डॉ. प्रवीन रंजन को डीसीपी ग्रेटर नोएडा की जिम्मेदारी सौंपी गई है। तेजी से विकसित हो रहे ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में औद्योगिक इकाइयों, शैक्षणिक संस्थानों और नई आवासीय कॉलोनियों की संख्या लगातार बढ़ रही है। इसके साथ ही कानून व्यवस्था और सुरक्षा से जुड़ी चुनौतियां भी बढ़ती जा रही हैं।

ऐसे में डॉ. प्रवीन रंजन के सामने अपराध पर प्रभावी नियंत्रण, पुलिसिंग को और सुदृढ़ बनाना तथा आम नागरिकों में सुरक्षा की भावना को मजबूत करना प्राथमिकता होगी। उनकी नियुक्ति को प्रशासनिक दृष्टि से अहम कदम माना जा रहा है। वहीं, डीसीपी ग्रेटर नोएडा रहे साद मियां खान को अब डीसीपी नोएडा की जिम्मेदारी सौंपी गई है। नोएडा एनसीआर का अत्यंत महत्वपूर्ण और संवेदनशील क्षेत्र माना जाता है, जहां कानून व्यवस्था बनाए रखना बड़ी चुनौती है।

इस तबादले को पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। दोनों अधिकारियों ने अपने-अपने नए पदों पर कार्यभार संभाल लिया है।

# घर खर्च के लिए पैसे मांगने पर महिला के साथ पति, सास व ननद ने की मारपीट



**नोएडा।** नोएडा के थाना सेक्टर-20 में एक महिला ने अपने पति, सास और ननद के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई हैं। महिला का आरोप है कि ससुराल के लोग बिना किसी वजह से उसके साथ मारपीट करते हैं। घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना सेक्टर-20 के प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार ने बताया कि आराधना साहू नामक एक महिला ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उनके पति देवेंद्र कुमार साहू बिना किसी वजह के उनके साथ मारपीट की। उसका गला दबाकर उसके ऊपर बैठ गया। पीड़िता का आरोप है कि वह घर खर्च के लिए पैसे नहीं देते है, मांगने पर मारपीट की जाती है । उसके पति ने कहा कि अपने घर से पैसे लेकर आओ। महिला के अनुसार उसकी सास सुमित्रा साहू और ननद ने भी उसके साथ मारपीट की, तथा मायके से पैसे लाने के लिए दबाव बना रहे हैं। पीड़िता का यह भी आरोप है कि वह उसके साथ रोजाना मारपीट और गाली- गलौज की जाती है। उसके बच्चे को भी उसका पति रोजाना पीटता है। थाना प्रभारी ने बताया कि महिला की शिकायत पर घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।

# हत्यारोपी को आजीवन कारावास, अर्थ दंड भी लगाया




**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत हत्या के एक मामले में आरोपी को आजीवन कारावास की सजा दिलाई गई है। प्रभावी विवेचना और न्यायालय में मजबूत पैरवी के चलते यह निर्णय संभव हो सका। थाना मुरादनगर क्षेत्र 25 जनवरी 2023 को दर्ज मुकदमे में आरोपी रिंकू पाल निवासी शोभापुर, थाना मुरादनगर पर वादी के साले की तमंचे से गोली मारकर हत्या करने का आरोप था। घटना के बाद पुलिस ने तत्परता से मुकदमा दर्ज कर साक्ष्य जुटाए और आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया। मामले की विवेचना तत्कालीन थानाध्यक्ष मुरादनगर मुकेश सोलंकी द्वारा की गई।

पुलिस कमिश्नर के निर्देशन में गठित कन्विक्शन सेल ने मुकदमे की लगातार मॉनिटरिंग की। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता संजीव कुमार ने न्यायालय में प्रभावी पैरवी की।

अपर सत्र न्यायाधीश कोर्ट संख्या-04 गाजियाबाद ने गुरुवार को सुनाए गए फैसले में आरोपी को धारा 302 भादवि के तहत आजीवन कारावास व 10,000 अर्थदंड और धारा 3/25/27 आर्म्स एक्ट के तहत 3 वर्ष के कठोर कारावास व 2,000 अर्थदंड से दंडित किया गया।

पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड का कहना है कि ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत गंभीर अपराधों में आरोपियों को शीघ्र सजा दिलाने का अभियान आगे भी जारी रहेगा, ताकि अपराधियों में कानून का भय बना रहे और पीड़ितों को न्याय मिल सके।

# मानव-बंदर संघर्ष पर हाईकोर्ट सख्त : यूपी सरकार से मांगा अब तक की कार्रवाई का हिसाब



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश में बंदरों के बढ़ते आतंक और मानव-बंदर संघर्ष के मुद्दे पर इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने कड़ा रुख अपनाया है। विनीत शर्मा और प्रजाक्ता सिंहल की जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति महेश चंद त्रिपाठी एवं न्यायमूर्ति कुनाल रवि सिंह की खंडपीठ ने स्पष्ट किया कि वे भविष्य की योजनाओं के भरोसे नहीं बैठ सकते, बल्कि प्रशासन को अब तक किए गए ठोस कार्यों का ब्योरा देना होगा। न्यायालय ने राज्य सरकार को निर्देश दिया है कि गाजियाबाद, मथुरा और प्रदेश के अन्य जिलों में वर्तमान एसओपी के तहत अब तक उठाए गए कदमों का विवरण शपथपत्र के माध्यम से पेश करें। केवल सर्वेक्षण के आश्वासन से संतुष्ट न होते हुए, कोर्ट ने अगली सुनवाई से पहले पूरे प्रदेश के लिए एक विस्तृत 'एक्शन प्लान' प्रस्तुत करने को कहा है। राज्य सरकार की ओर से बताया गया कि बंदरों की सटीक संख्या और हॉटस्पॉट की पहचान के लिए वैज्ञानिक सर्वेक्षण में करीब एक वर्ष का समय लगेगा। याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता पवन कुमार तिवारी और आकाश वशिष्ठ ने पक्ष रखा। मामले की अगली सुनवाई 6 अप्रैल 2026 को होगी। यह आदेश प्रशासनिक जवाबदेही तय करने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है।

# वार्ड 54 में वोट बनवाने के लिए पार्षद सतेंदर चौधरी और विजय शर्मा ने किया लोगों को प्रेरित




**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वसुंधरा के वार्ड 54, सेक्टर-5 स्थित पार्षद कार्यालय पर मतदाता सूची पुनरीक्षण का कार्य किया जा रहा है। इस अभियान के तहत नए वोट बनवाने और मतदाता सूची से संबंधित समस्याओं के निस्तारण के लिए विशेष शिविर का आयोजन किया गया।

अभियान के दौरान क्षेत्रीय पार्षद सतेंद्र चौधरी और कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा के भाई विजय शर्मा ने मुख्य रूप से शिरकत की। दोनों नेताओं ने स्थानीय निवासियों से संवाद करते हुए लोकतंत्र की मजबूती के लिए शत-प्रतिशत मतदान और सही मतदाता सूची की महत्ता पर जोर दिया।

विजय शर्मा और पार्षद सतेंद्र चौधरी ने युवाओं और उन लोगों से जिनका नाम अभी तक सूची में नहीं है, फॉर्म-6 भरकर अपना वोट बनवाने का आवाहन किया। मौके पर निस्तारण बीएलओ की टीम के साथ मिलकर पुराने नोटिसों का निस्तारण और त्रुटियों को सुधारने का काम मौके पर ही किया जा रहा है।

पार्षद ने बताया कि सेक्टर-5 कार्यालय पर यह सुविधा लगातार दी जा रही है ताकि किसी भी पात्र नागरिक को वोट बनवाने के लिए भटकना न पड़े। पार्षद सतेंद्र चौधरी ने सभी क्षेत्रवासियों का सहयोग के लिए धन्यवाद व्यक्त करते हुए कहा कि एक-एक वोट देश के भविष्य के लिए कीमती है, इसलिए सभी को इस प्रक्रिया में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए।

# होली व रमजान को लेकर वेव सिटी थाना में पीस कमेटी की बैठक आयोजित



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** आगामी होली पर्व एवं रमजान के मद्देनजर क्षेत्र में शांति, सौहार्द और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से गुरुवार को थाना वेव सिटी परिसर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई।

बैठक की अध्यक्षता एसीपी वेव सिटी प्रियाश्री पाल ने की। बैठक में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, धर्मगुरुओं, आरडब्ल्यूए पदाधिकारियों एवं स्थानीय प्रतिनिधियों ने भाग लिया। एसीपी ने उपस्थित लोगों से अपील की कि त्योहारों को आपसी भाईचारे और सद्भाव के साथ मनाया जाए तथा किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दिया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि सोशल मीडिया पर भ्रामक या भड़काऊ पोस्ट साझा करने वालों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही, डीजे, जुलूस मार्ग, नमाज व्यवस्था, ट्रैफिक प्रबंधन एवं संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। पुलिस प्रशासन ने भरोसा दिलाया कि त्योहारों के दौरान पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी और क्षेत्र में सतत गश्त की जाएगी, ताकि आमजन सुरक्षित और शांतिपूर्ण वातावरण में पर्व मना सकें।